दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 296 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 21 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सार्थक प्रयास : प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में आएंगे कई दिग्गज

### प्रवासी राजस्थानी सम्मान विजेता अमित, आनंद आनंद राठी, महावीर सिंघवी, डॉ विनोद चौधरी के अलावा देश और विदेश के कई नामी उद्योगपतियों का वेलकम होगा ऐतिहासिक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी दिसंबर माह में जयपुर में आयोजित हो रहे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में देश और विदेश के कई प्रमुख प्रवासी राजस्थानी समारोह के गवाह बनेंगे। इसके लिए भजनलाल सरकार की ओर से देश और विदेश में मौजूद उन सभी प्रवासी राजस्थानियों को जो विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद की पहचान बना चुके हैं उन्हें निमंत्रण दे दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्रवासी राजस्थान सम्मान विजेता अमित प्रमुख उद्योगपति, आनंद राठी , महावीर सिंह डॉक्टर, विनोद चौधरी जैसे अनेक दुनिया के प्रमुख उद्योगपति इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे है। इन सभी मेहमानों का भजनलाल सरकार की ओर से शानदार तरीके से वेलकम किया जाएगा इसके अलावा इन सभी मेहमानों के खाने-पीने ठहरने की उच्च कोटि



की व्यवस्था की गई है तथा सभी मेहमानों को जयपुर के पर्यटन स्थलों के भ्रमण की भी शानदार व्यवस्था की गई है। भजनलाल सरकार तनमन और धन से इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से संपादित करने के लिए कार्यक्रम से जुड़ी छोटी-बड़ी सभी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। कार्यक्रम में आने वाले मेहमान को चिन्हित करने से लेकर उनके खाने-पीने ठहरने और भ्रमण तक की व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा खुद नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं।मुख्यमंत्री शर्मा का पूरा प्रयास है कि प्रवासी राजस्थानियों को यहां ऐसा माहौल उपलब्ध करवाया जाए ताकि वह यहां नियमित रूप से आने के लिए अपना मन बना ले और यह तभी संभव होगा जब सभी मेहमान यहां अपना कोई इन्वेस्ट करेंगे इसलिए मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए राजस्थान सरकार पलक पावडे बिछाए हुए हैं मेहमानों को खुश करने के लिए भजनलाल सरकार ने पहले ही हर तरह की व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। बुधवार को ही भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक अलग से विभाग की स्थापना की गई है ताकि प्रवासी राजस्थानियों से जुड़े आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक सभी तरह के मामलों का निस्तारण जल्दी से और शीघ्रता से हो और प्रवासी राजस्थानियों को यहां किसी भी तरह की समस्या का सामना करना ना पड़े इसलिए इस विभाग की स्थापना करके मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि राजस्थान की सरकार उन्हें एक पल के लिए भी किसी भी बात के लिए परेशान नहीं होने देगी कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम से पहले ही एक मजबूत फील्डिंग जमाली है जिसे देखकर देश और दुनिया से आने वाले प्रवासी राजस्थानी काफी प्रभावित भी होंगे और निश्चित रूप से वे यहां अपनी माटी के लिए निवेश करने के लिए बिल्कुल तैयार भी दिखेंगे। इसलिए आगामी दिसंबर का महीना राजस्थान की जनता के हितों की रक्षा के लिए और प्रदेश के विकास को गति देने के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होने वाला है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान में हुए प्रत्येक समझौते को धरातल पर लाने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रहे हैं प्रवासी राजस्थान दिवस का यह जो कार्यक्रम दिसंबर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का राइजिंग राजस्थान से सीधा कनेक्शन भी होगा इसलिए अब शासन सचिवालय की गलियारों में यह चर्चा होने लगी है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शासनकाल के पहले वर्ष में पानी के क्षेत्र में ज्यादा कार्य किया। दूसरे साल में उन्होंने बिजली के क्षेत्र में खासतौर से सौर ऊर्जा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके पूरे देश में राजस्थान को नंबर वन पर रखा और अब उद्योगों के क्षेत्र में भजनलाल सरकार राजस्थान में एक ऐसा माहौल बनाने का प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश के युवाओं को भी ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके और प्रदेश सरकार की तिजोरी में भी ज्यादा से ज्यादा पैसा आ सके ताकि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा विकास योजनाएं संपादित हो सके और लोगों का जीवन खुशहाल करने के साथ-साथ राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने की ओर तेजी से अपना कदम बढ़ा सके इस दिशा में भजनलाल सरकार निश्चित रूप से निरंतर और सतत प्रयासों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और यह जो प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन हो रहा है यह एक तरीके से विकसित राजस्थान बनाने में काफी सहायक साबित होगा ।

## नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, समारोह में पीएम मोदी, सीएम भजनलाल शर्मा भी शामिल



नई दिल्ली

**(एंजेसी)**बिहार में नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद एनडीए नई सरकार का गठन हुआ है। नीतीश कुमार के अलावा सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित एनडीए के सभी दलों के बड़े नेता शामिल हुए।

### पीएम मोदी ने शपथ ग्रहण की दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट पर कहा कि श्री नीतीश कुमार जी को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वे एक अनुभवी प्रशासक हैं और कई वर्षों से सुशासन का उनका ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। उनके आगामी कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### सुबह 11.30 बजे गांधी मैदान में ली शपथ

एनडीए की प्रचंड जीत के बाद, पटना का



ऐतिहासिक गांधी मैदान इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बना। समारोह सुबह 11.30 बजे गांधी मैदान में हुआ। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , अमित शाह, जेपी नड्डा, बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों के सीएम भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बता दें कि बीजेपी कोटे से मंगल पांडे, दिलीप जायसवाल, नितिन नवीन, राम कृपाल यादव, श्रेयसी सिंह, संजय टाइगर, रमा निषाद,



नारायण शाह, सुरेंद्र मेहता, लखेंद्र पासवान, अरुण शंकर प्रसाद और प्रमोद चंद्रवंशी को भी नई कैबिनेट में जगह मिली। एलजेपी (आर) से सुनील कुमार और संजय कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। जबकि एनडीए के साथी 'हम' से संतोष कुमार सुमन नई कैबिनेट में शामिल हुए। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा से दीपक प्रकाश ने मंत्री पद की शपथ ली। नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में मोदी ने गमछा लहराकर भरा जोश, झुककर किया शुक्रिया; हृष्ठ की प्रचंड जीत का जश्न 74 साल के नीतीश कुमार ने आज 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बिहार के 6 नवनिर्वाचित विधायकों ने एक साथ मंत्री पद की शपथ ली। लखेंद्र कुमार रौशन, श्रेयसी सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह और दीपक प्रकाश ने एक साथ मंत्री पद की शपथ ली।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## अदालत बिल मंजूरी की टाइम लाइन तय नहीं कर सकती





नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अदालत बिलों को मंजूरी की टाइमलाइन तय नहीं कर सकती

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है। अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका 'संवैधानिक कर्तव्य' है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें।

### संविधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है।

### तमिलनाडु केस और समय सीमा

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

## मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को किया अलर्ट, प्रशासनिक सुधार के प्रयास तेज

### कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुख्य सचिव श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त और कलेक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत करके सरकार के विजन पर गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के नए मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद गुरुवार को पहली बड़ी बैठक आयोजित की हालांकि। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई लेकिन इस बैठक में मुख्य सचिव श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी संभाग की



आयुक्त और कलेक्टर को प्रदेश सरकार के विजन पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए इसके अलावा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के पारदर्शक ढंग से संपादन किए जाने पर जोर दिया और कहा कि समाज में अंतिम छोर तक बैठे लोगों तक हर हालत में सरकार की सभी योजनाएं पहुंचे इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है और अब यह जिला प्रशासन को निर्धारित करना है कि वह किस तरह से सरकार के विजन को और सरकार की योजनाओं को सफलतापूर्वक संपादित करनी है इस बड़ी बैठक में मुख्य सचिव श्रीनिवास ने जिला कलेक्टर को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कामकाज के नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने और नियमित रूप से फीडबैक लेने की बात भी कही इसके अलावा प्रदेश के लोगों की ओर से पंचायत स्तर पर तहसील स्तर पर उपखंड स्तर पर जितनी भी शिकायत आती हैं उन शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता देने की बात कही उन्होंने प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को प्रशासकीय कार्यों में ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा देने और नवाचारों के साथ पब्लिक की समस्याओं को दूर करने की बात कही और कहा कि प्रशासन को अब खुद लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है इसके लिए जिला कलेक्टर को अपने स्तर पर नई योजना के साथ काम करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित रूप से निगरानी रखी जाए और जहां भी कोई गड़बड़ी लापरवाही नजर आए। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से भी नहीं चुके।मुख्य सचिव ने प्रदेश की भजनलाल सरकार के भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर काम करने को कहा और जिला स्तर पर जितने भी विकास कार्य के प्रोजेक्ट संपादित हो रहे हैं उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग और निगरानी की जाए इसके लिए जिला प्रशासन संबंधित विभागों के साथ भी मिलजुल कर काम करने की नीति पर कार्य करें।

### *मुख्य सचिव ने राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन का रोचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए*

*गुरुवार को मुख्य सचिव श्रीनिवास ने शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया वहां पर उन्होंने काम करने के तरीकों के बारे में जानकारी हासिल की शिकायतों का निस्तारण कैसे और किस तरह से किया जा रहा है इसके बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करके उन्होंने वहां पर तैनात इस कर्मचारी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से साफ कहा है कि अब हमें परंपरागत तरीकों से आगे बढ़कर अपने कार्य में सुधार लाना है और नए तरीके नए प्रयोगों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने की दिशा में कार्य करना है मुख्य सचिव ने अपने केंद्र की सर्विस के अनुभव को यहां अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष शेयर करते हुए नवाचारों के माध्यम से कार्य करने के लिए यहां के स्टाफ को प्रेरित किया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का जल्दी से जल्दी निवारण हो सके*

## 23 नवम्बर को जिले की सभी उचित मूल्य दुकान खुली रहेगी

### अभियान के रूप में किया जाएगा ईकेवाईसी का कार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानें 23 नवम्बर (रविवार) को खुली रहकर अभियान के रूप में ईकेवाईसी का कार्य किया जाएगा। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि जिले में 5 से 70 वर्ष की आयु के 39693 उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी पेंडिंग है। अतः समस्त उचित मूल्य रविवार 23 नवम्बर को अपनी दुकान खोलकर अभियान के रूप में ईकेवाईसी का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि जिन उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी नहीं हुई है वे उचित मूल्य दुकान पर पहुंचकर ईकेवाईसी कराना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुडे समस्त लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

## अरविंद सिंह यादव को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति, साथियों ने साफा पहनाकर दी शुभकामनाएं



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** एमएनडीवाई कार्यालय में उस समय उत्साह का माहौल देखने को मिला जब अरविंद सिंह यादव को प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नति मिलने की सूचना मिली। जहां पर यादव को साथियों द्वारा सम्मानित किया गया। पदोन्नति की जानकारी मिलते ही सहकर्मियों ने उन्हें बधाइयां दी ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ कीं। प्रभारी ऑपरेटर्स नितेश शर्मा ने बताया कि एमएनडीवाई के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर्स, फार्मासिस्ट, हेल्पर तथा प्रभारी फार्मासिस्ट ने यादव का पारंपरिक रूप से साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ ने कहा कि यह पदोन्नति उनकी मेहनत, लगन और बेहतर कार्यप्रणाली का परिणाम है। सभी साथियों ने उन्हें नई जि मेदारियों के लिए उनका हौंसला बढाया ओर आशा जताई कि वे भविष्य में भी संस्थान की बेहतरी के लिए इसी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

## नगर विकास न्यास ने हटाए अतिक्रमण, विभिन्न स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाने व सीज करने की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा न्यास क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर अवैध अतिक्रमण, निर्माण, सीज एवं ध्वस्त किये जाने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा ग्राम दिवाकरी के भू-भाग के खसरा नं. 304, 305, 307, 311, 437, 348, 440, 449 से 552, 457 से 466, 468 से 470, 475, 476 व अन्य खसरा नं. 30 ग्राम दिवाकरी में लगभग 50 बीघा भूमि में बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से ग्रेवल सडक डालकर की गई कॉलोनी एवं प्लॉटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार न्यास योजना अम्बेडकर नगर के पालका रोड में न्यास की जमीन पर चार दीवारी करके किए गए अवैध निर्माण एवं अवैध दुकान एवं एक संस्थान द्वारा इंटरलॉक टाइल्स लगाकर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही न्यास योजना अम्बेडकर नगर में बिना न्यास स्वीकृति के एवं भू-उपयोग परिवर्तन कराये बिना ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करते हुए ताज रिसोर्ट मैरिज गार्डन को सीज करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि न्यास योजना 200 फुट बाईपास सूर्यनगर लिंक रोड स्थित ग्रीन बेल्ट भूमि में से बिना न्यास स्वीकृति के अवैध रूप से रास्ता बनाकर किये गए अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियंता मय जाप्ता मौजूद रहे।

## एक सौ एक महिलाओं को बांटे सूट



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के धोबी घटटा क्षेत्र बिराई माता मंदिर के पास में माधव सेवा समिति की ओर से चल रहे आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में विद्यार्थियों के जरूरतमंद अभिभावक महिलाओं को खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट की ओर से 101 महिलाआं को सूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माधव सेवा समिति के संरक्षक डा. के. के. गुप्ता थे जबकि अध्यक्षता समाजसेवी दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में समाजसेवी दौलत राम हजरती ने कहा कि इस क्षेत्र में शीघ्र ही सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोलकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में डा. के. के. गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनना आवश्यक है। उन्हें सबसे पहले अपने परिवार को नशा मुकत बनाना होगा जिससे परिवार और समाज में खुशहाली आ सके। कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत गीत गाए।

विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

## जिले के तीन बीएलओ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मानित

**शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य करने पर किया सम्मानित**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत अपने भाग के मतदाताओं के गणना प्रपत्रों (ईएफ) का डिजिटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत करने पर अलवर जिले के तीन बीएलओ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वर्चुअल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रशंसा पत्र एवं पेन ड्राइव भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया, जिसमें अलवर जिले के राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 68 (पुराना राजगढ) के बीएलओ दिनेश कुमार सैनी, कठूमर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 128 (धीवडी) के बीएलओ मोती सिंह एवं थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 46 (हरनेर) के बीएलओ कमलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।



### बीएलओ कमलेश शर्मा से किया संवाद

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 46 (हरनेर) के बीएलओ कमलेश शर्मा संवाद कर उनके द्वारा शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य को सम्पादित करने के बारे में जानकारी ली।*

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने गणना प्रपत्र भरने की मतदाताओं से की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र (ईएफ) को सुगमता से ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरकर यथाशीघ्र बीएलओ तक पहुँचाने का श्रम करें। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार एसआईआर के तहत 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। उन्होंने बताया कि मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा सकता है अथवा गणना प्रपत्र भरने के लिए online process शुरू कर दिया है, अब कोई भी मतदाता https//voters.eci.gov.in पर जाकर स्वयं का गणना प्रपत्र online process से भर सकता है, स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदाता गणना प्रपत्र के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा 1950 helpline और सभी विधानसभाओं में सभी मतदान केन्द्रों पर नियोजित हेल्प डेस्क से प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, अलवर शहर ईआरओ एवं उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बीएलओ दिनेश कुमार सैनी ने राज्य में सबसे पहले किया शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन

*राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडका में अध्यापक के पद पर कार्यरत दिनेश कुमार सैनी राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 68 (पुराना राजगढ) के बीएलओ हैं। उन्होंने 17 नवम्बर को राज्य में सबसे पहले अपने भाग संख्या के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया। इसके लिए निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा उनकी प्रशासन की गई। इनके द्वारा बनाए गए टेस्टिमोनियल वीडियो को सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया हैण्डल पर भी डाला गया।*

## बाल वाहिनियों के निरीक्षण के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर द्वारा महत्वपूर्ण बैठक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में, बच्चों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, बाल-वाहिनियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ष्ठस्रु) अलवर के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।यह बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव मोहनलाल सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी (DTO) सविता भारद्वाज, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (ADEO) जयप्रकाश शर्मा तथा शिक्षा विभाग के ईओ अतुल पौरुष सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने अवगत कराया कि जिले में स्कूल और निजी शिक्षण संस्थानों से जुड़ी कुल 32 ऐसी बाल-वाहिनियों की पहचान की गई है, जिनके फिटनेस प्रमाण-पत्र की अवधि समाप्त हो चुकी है। भारद्वाज ने बताया कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, इन सभी असुरक्षित वाहनों को तत्काल जब्त करने की कार्यवाही परिवहन विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।उपस्थित सभी अधिकारियों के बीच गहन विचार-विमर्श के पश्चात, यह निर्णय लिया गया कि परिवहन विभाग की फ्लाइंग टीमें वाहनों के निरीक्षण में केवल औपचारिकता न निभाएं, बल्कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप प्रत्येक वाहन की गहनता और सख्ती से जाँच सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, यह भी तय किया गया कि शिक्षा विभाग जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करने हेतु पाबंद करेगा कि उनके द्वारा उपयोग की जा रही या छात्रों को ले जा रही सभी बाल-वाहिनियां माननीय उच्चतम न्यायालय के सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें। बैठक में विशेष रूप से अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश शर्मा को निर्देश दिए गए कि वे मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी बड़े सरकारी विद्यालयों की एक विस्तृत सूची तथा उनमें संचालित निजी वाहनों का पूर्ण ब्यौरा शीघ्र अति शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करवाएं। यह कदम इसलिए आवश्यक है ताकि यह निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान केवल शहरी क्षेत्र तक ही सीमित न रहे, बल्कि जिले की सभी तालुकाओं (ब्लॉकों) में भी इसे प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव मोहनलाल सोनी ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस संवेदनशील अभियान में समन्वय और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि जिले के सभी बच्चों को एक सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण और परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। यह अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

## अपहरण कर लूट को अंजाम देने वाले फरार वांछित दो हजार रुपये के 2 ईनामी अपराधी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**राजगढ़(निसं.)** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत डॉ. प्रियंका आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर व मनीषा मीना, आरपीएस, वृत्ताधिकारी, वृत राजगढ जिला अलवर के निकटतम सुपरविजन में राजेश कुमार पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ जिला अलवर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए करीब 01 साल से फरार दो दो हजार रुपये के 2 ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को परिवादी ने पुलिस थाना राजगढ पर उपस्थित होकर दर्ज कराया की मैने करीबन एक साल पहले प्रकाश मीना निवासी परबैणी को 25000 रूपये उधार दिये थे जिनके मैने कई बार प्रकाश से वापस मांगा लेकिन प्रकाश ने पैसे वापिस नही दिये दिनांक 31 जुलाई 2024 को प्रकाश हमारे गांव आया था तो मैने प्रकाश से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया तो मैने उसकी मोटरसाईकिल को घर खड़ा कर लिया उसके बाद प्रकाश ने अपने दो साथियो को बुलाया तो हमने प्रकाश कि मोटरसाइकिल प्रकाश को दे दी इस बात से प्रकाश नाराज हो गया और मुझे सबक सिखाने व उठाने की धमकी दी उसके बाद मै व मेरे चाचा का लडका दोनों मोटरसाईकिल से माचाडी आये थे हम दोनों माचाडी से सामान लेकर शाम 6 बजे के आस पास गांव जा रहे थे जैसे ही हम बैरेर मोड माचाडी पहूचे तो पीछे से एक सफेद रंग की शिफ्ट कार से आकर हमारी मोटरसाईकिल के साइड में लगा कर खिडकी से हमारी मोटरसाईकिल को गिरा दिया कार से प्रकाश मीना व उसके 3, 4 साथी उत्तरे प्रकाश ने मेरे पैर मे डन्डे की मारी तथा इन सभी ने मुझे जबरदस्ती पकड कर गाडी में पटक लिया ।हरकेश भाग गया गाडी में पटक कर ये सभी मुझे रैणी पेट्रोल पम्प के पास लेकर गये। गाडी मे प्रकाश का मामा रामचरण मीना निवासी सायपुर पाखर भी था तथा अन्य को मैं नही जानता रैणी पैट्रोल पम्प के पास रामचरण कार से उतर गया प्रकाश और उसके साथ मुझे गाडी में पटककर मण्डावर की तरफ ले गये जो रास्ते मे इन लोगो ने मेरे साथ लात घुसे से मारपीट की। आदि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी रूप से व आसूचना संकलित कर एवं गोपनीय जानकारी प्राप्त कर घटना का अंजाम देने वाले करीब 1 साल से फरार 2-2 हजार रुपये के ईनामी अपराधी सचिन मीना एवं लेखराम मीना को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सचिन मीना(23) पुत्र अमरसिह मीना निवासी दानपुर थाना रैणी व लेखराम मीना(23) पुत्र छोटेलाल मीना निवासी परवैणी थाना रैणी जिला अलवर को गिरफ्तार किया।

## आरोपः पूर्व विधायक आहूजा ने लगाया डोटासरा और जूली पर उन्हें सिर्फ मुस्लिम वोटों की चिंता है

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर अनेक आरोप लगाए ओर तीखे कटाक्ष करते हुए बोला कि वर्तमान राजनीति में जनता के मुद्दों की जगह केवल वोट बैंक की राजनीति हावी हो रही है। सबसे बड़ा आरोप नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर लगाया ओर कहा कि इन नेताओं को सिर्फ मुस्लिम वोटों की चिंता है, जनता की समस्याओं से इन्हे कोई लेना-देना नहीं है। आहूजा ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति आज हिंदू भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के हाथों में है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता धार्मिक मुद्दों पर असंवेदनशील टिप्पणी करते हैं और फिर मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए अपनी बातों को मोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व अब मूल मुद्दों विकास, बेरोजग़ारी, किसानों की समस्या से पूरी तरह भटक चुका है। पूर्व विधायक ने कहा कि भविष्य का चुनाव कई बड़े नेताओं के लिए मुश्किलें खड़ी करेगा। उन्होंने भविष्यवाणी की है कि भाजपा के तीन जन प्रतिनिधि और कांग्रेस के तीन जन प्रतिनिधि आगामी चुनाव में हारेंगे। उन्होंने कहा कि जनता अब नेताओं को उनके काम के आधार पर ही सबक सिखाएगी, चाहे वह कोई भी पार्टी का क्यों न हो। आहूजा ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय को एक चिट्ठी भी लिखी है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु के संदर्भ में हुई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदू आस्था के प्रतीकों पर टिप्पणी करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। आहूजा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता लगातार हिंदू समाज को आस्था के मुद्दों पर विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भाजपा ने हमेशा हिंदू संस्कृति और मूल्यों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि आज देश की राजनीति को हिंदू हितों की आवश्यकता है, न कि वोट बैंक की। अंत में उन्होंने कहा अलवर की जनता सब जानती है। आने वाले चुनाव में जनता ही सच का फैसला करेगी। जो नेता सिर्फ चमक-दमक और वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं, वे अपनी हार खुद लिखकर बैठे हैं।

## अस्पताल के पास जोखिम बना विशाल पीपल का पेड़

### नीचे से गुजर रही हाई-टेंशन लाइन से बड़ा हादसा संभावित

### पेड़ हो चुका खोखला, प्रशासन ने अब तक नहीं ली सुध

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़ अस्पताल परिसर के बिलकुल एक कोने पर स्थित बड़ा पीपल का पेड़ इन दिनों हादसे का बड़ा कारण बन सकता है। पेड़ के ठीक नीचे से हाई-टेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जबकि पेड़ काफी ऊंचा और फैलाव वाला होने के साथ-साथ अब अंदर से खोखला भी हो चुका है। ऐसे में जरा-सी आंधी या बारिश में शाखाओं के लाइन से टकराने या पेड़ के टूटकर गिरने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की जड़ें कमजोर पड़ने लगी हैं और तना खोखला होने के चलते वह कभी भी गिर सकता है। अस्पताल के आसपास रोजाना सैकड़ों मरीज, तीमारदार और वाहन आवाजाही करते हैं। ऐसे में यह स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है लोगों ने बताया कि पेड़ अस्पताल की दीवार से बेहद नजदीक है और हाई-टेंशन लाइन की दूरी भी सुरक्षा मानकों के विपरीत है। कई बार इस संबंध में अधिकारियों को मौखिक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई विशेषज्ञों का कहना है कि खोखले पेड़ और हाई-टेंशन लाइन का संयोजन बेहद खतरनाक होता है थोड़ी-सी हवा में भी शाखाएं तारों से संपर्क में आ जाएं तो आग लगने या बिजली फॉल्ट का खतरा बढ़ जाता है स्थानीय नागरिकों और अस्पताल आने वाले लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेड़ की जांच कर उचित निर्णय लिया जाए और पेड़ को सुरक्षित ढंग से हटाया जाए या ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## रेस्ट एरिया से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

### एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना पीड़ितों को जल्द में मिलेगा जीवनरक्षक उपचार

**राजगढ़(निसं.)** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजगढ़ पिनान रेस्ट एरिया से हेलीकॉप्टर सेवा का गुरुवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक सेवा से दुर्घटना के बाद घायल व्यक्तियों को तुरन्त अस्पताल तक पहुंचाना संभव हो सकेगा जिससे गंभीर घायलों के जीवन बचाने की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाएंगी वही



बुक योर हेलीकॉप्टर कंपनी द्वारा शुरू की गई। इस सुविधा के शुभारंभ में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का महत्वपूर्ण योगदान बताया जा रहा है पहले चरण की सफलता के बाद अब दूसरे चरण की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं, जिसके तहत एक साथ 8 हेलीकॉप्टर पार्किंग क्षमता विकसित की जा रही है। इसके अलावा पर्यटक सुरक्षा और आपातकालीन अग्नि स्थितियों में भी यह सेवा त्वरित मदद प्रदान करेगी कंपनी के संचालक ने बताया कि हेलीकॉप्टर सेवा न सिर्फ एक्सप्रेस-वे पर, बल्कि सरिस्का सहित ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख महानगरों के बीच भी सर्विस शुरू कर दी गई है। इससे पर्यटन को गति मिलने के साथ आपदा प्रबंधन की क्षमता भी मजबूत होगी स्थानीय प्रशासन और लोगों ने इस पहल को क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी हाईटेक सेवाएं राजस्थान में आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को नई दिशा देंगी।

## अपनाघर आश्रम में जर्सियां वितरित

जयपुर टाइम्स

**अलवर।** विवेकानंद नगर में स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाले 80 लोगों को गर्म जर्सियां कुमकुम महावर की ओर से वितरित की गई। नेक कमाई फाउंडेशन के सर्दी आते ही गर्म कपड़ों के वितरण अभियान के तहत यह जर्सियां इनकी ओर से वितरित की गई। इस अवसर पर कुमकुम महावर ने कहा कि अपना घर के महिला आश्रम और अन्य



जगह भी गर्म जर्सियां वितरित की जाएंगी। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश गुप्ता हुंडी वाले, हरीश कालड़ा, सतीश सारस्वत और अशोक मेठी उपस्थित थे। संस्था की ओर से सतीश सारस्वत ने आभार जताया।

# कांग्रेस में जूली की ऊंची उड़ान, प्रतिपक्ष के नेता के रूप में खुद को साबित किया

**विधानसभा में हर विषय पर सटीक और तथ्यात्मक भाषण देकर पूरे सदन को किया प्रभावित**

## गांधी परिवार और दिल्ली में बैठे पार्टी के सभी बड़े नेता भी इनके परफॉर्मेंस से हैं काफी प्रभावित, प्रमोद जैन भाया की जीत में भी निभाई बड़ी भूमिका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में टीकाराम जूली ने खुद को साबित किया है जूली हर विषय पर पूरी तैयारी के साथ विधानसभा में आते हैं और फिर बहुत ही सटीक और तथ्यात्मक तरीके से अपना भाषण प्रस्तुत करते हैं उनके भाषण की सबसे बड़ी खासियत यह रहती है कि वह कड़वी से कड़वी बाद में भी इतनी मिठास मिला देते हैं कि सत्ता पक्ष को उनकी बातें चुभती तो हैं लेकिन इतना दर्द भी नहीं देती कि सत्ता पक्ष सदन में हंगामा करने को मजबूर हो जाए जूली की कोशिश भी यही रहती है कि विधानसभा ठीक तरह से संपादित हो ताकि प्रदेश के लोगों को सदन की कार्रवाई से ज्यादा से ज्यादा फायदा हो इसलिए उनकी आलोचना करने का तरीका बेहद ही शानदार रहता है जो अंदर ही अंदर सत्ता पक्ष के लोगों के दिलों को बेचैन करने के साथ-साथ उनकी बातों पर कार्रवाई करने के लिए सत्ता पक्ष को मजबूर भी करता है ।इसीलिए जूली के भाषण को सुनना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अच्छा भी लगता है और उन्हें सुनने के लिए सदन के सदस्यों में उत्सुकता भी बनी रहती है वैसे जूली राजस्थान कांग्रेस के इतिहास में ऐसे पहले दलित नेता हैं जिन्हें विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनने का सौभाग्य मिला। इसमें कोई संदेह नहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार में अब तक जितनी भी विधानसभा की बैठक आयोजित हुई है उनमें जूली ने अपनी भूमिका को बहुत ही शानदार तरीके से निभाया सत्ता पक्ष को हर मुद्दे पर उन्होंने सदन में अपने सटीक और तथात्मक भाषण के माध्यम से कटघरे में खड़ा किया इसके अलावा पार्टी के सभी विधायकों को एकजुट बनाए रखने में भी उनकी भूमिका काफी अच्छी कहीं जा सकती है वजह यह है कि जूली कांग्रेस के एक ऐसे नेता माने जाते हैं जो अपने सीधे सरल और मधुर व्यवहार से पार्टी के गुटबाजी से खुद को अलग रखते हैं पार्टी के सीनियर नेताओं का सम्मान करना और पार्टी के नौजवान युवा नेताओं को गले से लगाकर उनका ठीक तरह से मार्गदर्शन करना उनके स्वभाव में है ।उनकी यही खासियत उन्हें राजस्थान कांग्रेस में नई बुलंदियों पर पहुंच रही है सिर्फ 24 साल की आयु में अलवर जिला प्रमुख पद पर विराजमान होने वाले जूली की नेतृत्व क्षमता और उनकी राजनीतिक कुशलता प्रतिपक्ष के पद पर विराजमान होने के बाद खुलकर देखने को मिली है जिसे देखकर कांग्रेसी कमान भी इस दलित नेता से काफी प्रभावित है इसलिए राजनीतिक गलियारों में भी यह चर्चा है कि प्रतिपक्ष नेता पद की भूमिका का शानदार ढंग से निर्वाहन करके जूली राजस्थान कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शामिल हो गए हैं इसलिए आने वाले दिनों में इन्हें और भी बड़ी जिम्मेवारी मिलना सुनिश्चित भी है








### अंता में प्रमोद जैन भाया की जीत में जूली का बहुत बड़ा योगदान रहा

अंता विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत में टीकाराम जूली का योगदान बहुत बड़ा रहा है अंता विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की रिपोर्टिंग करने वाले मीडिया से जुड़े लोगों का कहना है कि उपचुनाव में जूली के चुनाव प्रचार और उनकी मेहनत को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे जूली यहां से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हो क्योंकि यहां चुनाव प्रचार के लिए कई दिनों तक जूली ने यहां डेरा डाले रखा और बाकायदा रोजाना अपना कार्यक्रम निर्धारित करके सुबह से लेकर देर रात तक क्षेत्र में लोगों के बीच पार्टी प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करते नजर आए घर-घर जाकर लोगों से मिलना और उन्हें कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए राजी करना यह कोई आसान काम नहीं था क्योंकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे यहां रोड शो के माध्यम से भाजपा के पक्ष में जोरदार माहौल बनाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे थे। इसके अलावा भजनलाल सरकार के कई मंत्री और विधायक भी यहां पर डेरा डाले हुए थे । दलित वोटो को देखते हुए भाजपा ने उपमुख्यमंत्री और दलित नेता डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा को यहां चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी दी हुई थी ,लेकिन इन सबके बीच जूली ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रमोद जैन भाया की ओर से यहां अपने कार्यकाल में किए गए कामू और पिछली गहलोत सरकार में लागू की गई उल्लेखनीय जनकल्याणकारी योजनाओं इत्यादि का जिक्र करके लोगों में कांग्रेस के प्रति विश्वास मजबूत करने का अच्छा प्रयास किया। जिसमें उन्हें सफलता भी मिली बड़ी बात यह रही कि अंता विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या भी बहुत ज्यादा है इसलिए कांग्रेस के रणनीतिकारों ने भी इस क्षेत्र में दलित समुदाय के मतदाताओं का विश्वास जीतने के लिए जूली को बड़ी जिम्मेदारी दी हुई थी। जिसको निभाना में जूली पूरी तरह से सफल हुए जूली साधारण से दलित परिवार से निकले हुए जमीन से जुड़े नेता हैं इसलिए ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को ठीक तरह से समझते हैं इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान भी जूली अपने प्रभावी भाषण से ग्रामीण इलाकों के हर जाति और बिरादरी के लोगों को भावनात्मक रूप से कांग्रेस से जोड़े रखने में सफल रहे । प्रतिपक्ष के नेता के रूप में विधानसभा में जूली ने जो परफॉर्मेंस किया उसका अच्छा मैसेज प्रदेश की जनता में गया है इसलिए जूली की ओर से कही गई बातों को ग्रामीणों ने एक्सेप्ट भी किया उसी का नतीजा रहा की अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों ने ही नहीं बल्कि जूली ने जिन जिन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया वहां के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा वोट डाले जिसकी वजह से प्रमोद जैन भाया को यहां सफलता मिली इस बात को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि जूली ने यहां पर काफी मेहनत की और उन्होंने जूली को उनकी मेहनत के लिए शाबाशी भी दी अन्यथा इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत को आसान माना जा रहा था क्योंकि वसुंधरा राजे और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार यहां चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए थे ।वसुंधरा राजे दो बार की मुख्यमंत्री और पांच बार झालावाड़ से सांसद रह चुकी है इसी तरह से दुष्यंत सिंह भी पांचवीं बार झालावाड़ से सांसद चुने गए ।अंता विधानसभा क्षेत्र झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र के तहत ही आता है इसलिए हर कोई यह कह रहा था इस बार भी भाजपा को ही यहां जीत मिलेगी लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने यहां अंदरूनी रूप से जमीनी तौर पर पार्टी का प्रचार प्रचार करने का निर्णय लिया इसमें टीकाराम जूली ,अशोक चांदना जैसे नेताओं को यहां बड़ी जिम्मेदारी दी गई। उसी का नतीजा रहा कि यहां पर कांग्रेस पार्टी को उपचुनाव में सफलता मिली ।

### प्रतिपक्ष के नेता पद पर जूली का चयन किए जाने के पीछे क्या था बड़ा राज ?

वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने के बाद कांग्रेस पार्टी को यहां विपक्ष में बैठने का मौका मिला। इसलिए प्रतिपक्ष के नेता के चयन का कार्य कांग्रेस के दिल्ली दरबार के लिए बड़ी चुनौती बन गया था क्योंकि कांग्रेस का दिल्ली दरबार भी राजस्थान कांग्रेस के बड़े नेताओं के बीच आपस में चल रहे टकराव की स्थिति से अच्छी तरह से वाकिफ है इसलिए यहां पर कांग्रेस के दिल्ली में बैठे नेताओं ने एक ऐसे नेता को प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देना ज्यादा जरूरी समझा जिसके नाम को लेकर कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को आपत्ति ना हो साथ ही वह नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी को संभालने की हैसियत भी रखता हो क्योंकि प्रतिपक्ष के नेता पद की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है चाहे कोई भी पार्टी हो यह बड़ा पद उस नेता को देती है जो सत्ता पक्ष को अपने सटीक भाषण और अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता से सदन में झुकने को मजबूर कर दे ऐसे में काफी सोच विचार करके कांग्रेस हाई कमान ने चुने हुए विधायकों में टीकाराम जूली को इस पद के काबिल समझा हालांकि चर्चा यह भी हुई थी कि गोविंद सिंह डोटासरा को प्रतिपक्ष का पद भी दे दिया जाए लेकिन अध्यक्ष और प्रतिपक्ष दोनों बड़े पद होते हैं । इसलिए कांग्रेस पार्टी में एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत की वजह से डोटासरा को प्रतिपक्ष के नेता की जिम्मेदारी नहीं दी गई हालांकि पूर्व में डोटासरा प्रतिपक्ष नेता पद की जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभा भी चुके थे। लेकिन डोटासरा को दोनों में से एक ही पद पर रखा जाना निश्चित हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर डोटासरा को बनाए रखना कांग्रेस पार्टी ने जरूरी समझा और प्रतिपक्ष बनाए रखना कांग्रेस पार्टी ने जरूरी समझा और प्रतिपक्ष नेता पद की जिम्मेदारी जूली को दिया जाना तय किया गया । जूली को प्रतिपक्ष नेता पद की जिम्मेदारी देने के पीछे के कुछ बड़े कारण रहे जिनमें सबसे बड़ा कारण तो यह रहा की जूली के नाम पर कांग्रेस पार्टी के किसी भी नेता ने किसी भी तरह की कोई आपत्ती नहीं जताई क्योंकि जूली काफी मिलनसार सीधे, सरल और काफी कुशल और युवा राजनेता के तौर पर पार्टी में माने जाते हैं टीकाराम जूली तीसरी बार अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे जूली के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा या अन्य किसी भी पार्टी के बड़े नेता ने कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की इस बात को कांग्रेस के दिल्ली में बैठे-बैठे नेता भी जानते थे कि जूली के नाम पर राजस्थान कांग्रेस के सभी बड़े नेता सहमत भी नहीं होंगे तो नाराज भी नहीं होंगे और वही हुआ जब जूली को प्रतिपक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई तो किसी भी नेता ने आपत्ति और नाराजगी जाहिर नहीं की इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों ने जूली को प्रतिपक्ष का नेता पद देकर दलित कार्ड का भी खेल किया राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह पहली बार हुआ जब किसी दलित नेता को विधानसभा में प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गई हो यह अपने आप में प्रदेश के दलित समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी के भरोसे को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम था। इसके अलावा जूली वर्ष 2008 और 2018 की गहलोत सरकार में गहलोत मंत्रिमंडल के सदस्य भी रहे और मंत्री के रूप में भी जूली ने खुद को श्रेष्ठ साबित करके दिखाया था। यही वजह रही की 2023 के विधानसभा चुनाव में गहलोत सरकार के अधिकांश मंत्री चुनाव हार गए लेकिन टीकाराम जूली ने बड़े मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी को अलवर ग्रामीण विधानसभा सीट से हराया बाद में टीकाराम जूली के प्रतिपक्ष का पद संभालने के बाद उन्होंने राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में जो भूमिका निभाई उस भूमिका को देखकर राजस्थान कांग्रेस के बड़े लीडर ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे कांग्रेस के बड़े नेता भी जूली के परफॉर्मेंस से काफी खुश और प्रभावित हैं। इस तरह से अब कांग्रेस हाई कमान को भी अपने निर्णय पर गर्व हो रहा है कि उन्होंने जूली को प्रतिपक्ष का बड़ा पद देकर कोई गलत निर्णय नहीं लिया ।

### जिला प्रमुख से लेकर प्रतिपक्ष पद तक ऐतिहासिक पॉलीटिकल यात्रा रही है टीकाराम जूली की

जूली का जन्म बहरोड क्षेत्र के कडू वास गांव में एक साधारण से दलित परिवार में हुआ था हालांकि इनके पिता गांव के सरपंच भी रहे और सरपंच पद पर रहते हुए राजनीति में पांव जमाने का प्रयास किया लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए ,लेकिन अपने पिता के ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों में खुशहाली लाने के सपनों को साकार करने की दिशा में टीकाराम जूली ने अब तक राजनेता के रूप में बहुत ही शानदार काम करके दिखाए। जूली के पिता भले ही राजनीति में सक्सेस नहीं हुए हो लेकिन अपने पिता के सपनों और उनकी उम्मीदों को जूली पंख लगाए हुए हैं और अब तक की पॉलिटिकल यात्रा में उन्होंने एक तरफ जहां ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के दिलों पर राज किया तो दूसरी तरफ राजस्थान कांग्रेस में भी बुलंदियों को छूने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। वर्ष 2004 में अपने राजनीति के शुरुआती दिनों में उन्होंने जिला परिषद सदस्य के रूप में चुनाव लड़ा और चुनाव जीत और फिर अलवर के जिला प्रमुख भी बने बाद में 2008 में कांग्रेस पार्टी की ओर से अलवर ग्रामीण विधानसभा सीट से टिकट मिला जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के जगदीश प्रसाद को 8525 वोटो से हराया और पहली बार राजस्थान विधानसभा की चौखट को छुआ और पहली बार में ही तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल भी किया ।गहलोत ने इन्हें श्रम विभाग स्वतंत्र प्रभार के रूप में जिम्मेदारी दी । जिसमें कारखाना एवं ब्वॉयलर्स सहकारिता इंदिरा गांधी नहर परियोजना जैसी डिपार्टमेंट इन्हें दिए गए । इसके बाद 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन्हें फिर से अलवर ग्रामीण विधानसभा सीट से टिकट दिया लेकिन इस चुनाव में इनको पराजय मिली। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयराम जाटव ने इन्हें करीब 7000 वोटो से हराया, लेकिन अगले ही चुनाव में 2018 के विधानसभा चुनाव में टीकाराम जूली ने अपनी पिछली पराजय का बदला लेते हुए भाजपा प्रत्याशी रामकिशन मास्टर को करीब 26477 वोटो से हरा दिया । 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सफलता मिली अशोक गहलोत फिर से मुख्यमंत्री बने और गहलोत ने इन्हें फिर से कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की जिम्मेदारी थी। इसके बाद वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में एक तरफ जहां गहलोत सरकार के अधिकांश मंत्री चुनाव हारे। वही टीकाराम जूली अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से 108584 वोट हासिल करके चुनाव जीते इस चुनाव में इन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के जयराम जाटव को हराया बड़ी बात यह है कि गहलोत सरकार के दूसरे कार्यकाल और गहलोत सरकार के तीसरे कार्यकाल में मंत्री पद पर रहते हुए जूली ने बहुत ही श्रेष्ठ काम करके अशोक गहलोत को तो अपनी राजनीतिक कुशलता और अनुभव से प्रभावित किया ही, इसके अलावा प्रदेश की जनता के कल्याण और विकास के लिए अपने विभागों के माध्यम से इन्होंने हर तरह से नई योजनाएं और नए नवाचार लागू करके लोगों को राहत पहुंचाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री के तौर पर इन्होंने समाज में निम्न स्तर के लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने निम्न स्तर के परिवारों के बच्चों को शिक्षित टैलेंटेड बनाने के लिए इन्होंने मंत्री के तौर पर कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी दलित परिवारों और वंचित परिवारों की बालिकाओं में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के लिए बालिकाओं के लिए कई बड़ी योजनाएं लागू की इसी तरह से विधवा, तलाकशुदा, दिव्यांगजन, बुजुर्ग इत्यादि सभी जरूरतमंद लोगों के जीवन को सुखद बनाने के लिए जूली ने मंत्री के तौर पर भलाई के खूब निर्णय लिए जिसका जरूरतमंद लोगों को खूब फायदा भी मिला ।

### सदन के गतिरोध को दूर करने में हमेशा आगे रहे

जानकार लोगों का कहना है कि टीकाराम जूली ग्रामीण इलाके से वास्ता रखते हैं वह यह भी जानते हैं कि ग्रामीण इलाके की जनता जिसमें किसान मजदूर अब भी कितनी मुसीबत के साथ जीवन जीते हैं इसलिए राजस्थान विधानसभा एक ऐसा मंच है जहां पर प्रदेश की जनता के कल्याण और विकास के लिए योजनाएं बनती हैं जूली यह भी जानते हैं कि विधानसभा की कार्रवाई के दौरान एक एक सेकंड पर कितना पैसा खर्च होता है इसलिए जूली की हमेशा यह कोशिश रहती है कि विधानसभा के संचालन के लिए जो लाखों रुपए रोजाना खर्च होते हैं उनका सदुपयोग हो और यह सदुपयोग तभी हो सकता है जब विधानसभा की कार्रवाई ठीक तरह से संपादित हो इसलिए जूली की हमेशा यह कोशिश रहती है कि सदन की कार्रवाई निर्बाध तरीके से चलती रहे सरकार के मंत्री सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब दें विपक्ष का सदस्य हो या फिर सत्ता पक्ष का कोई सदस्य किसी विषय पर कोई डाउट रखना हो तो उस डाउट को सत्ता पक्ष दूर करें। टीकाराम जूली उन नेताओं में नहीं है जो सदन में सिर्फ हंगामा मचाकर सदन की कार्रवाई को डिस्टर्ब करने के बारे में सोच रखते हो लेकिन फिर भी राजस्थान विधानसभा के पिछले सत्रों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आपस में कई बार टकराव के हालात बने जिसकी वजह से कई दिनों तक सदन की कार्रवाई ठीक तरह से संपादित नहीं हो पाई कई दिनों तक गतिरोध की स्थिति बनी रही चाहे जिसमें गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के बीच आपस में बहस के मामले को लेकर तो कई दिनों तक सदन में गतिरोध की स्थिति बनी रही ।डोटासरा बुरी तरह से भड़क गए थे और उन्होंने राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई से खुद को पूरी तरह से अलग भी कर लिया था इस बीच प्रतिपक्ष का नेता होने के नाते पूरी जिम्मेदारी टीकाराम जूली के कंधों पर आ गई थी क्योंकि वे जानते थे कि प्रदेश की जनता ने उन्हें अपनी आवाज उठाने के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी विपक्ष दी है इसलिए इस गतिरोध को दूर करने के लिए उन्होंने अपनी ओर से भरपूर प्रयास भी किया। जूली यह भी जानते थे कि इस गतिरोध से पूरा बेनिफिट सत्ता पक्ष को हो रहा है। सत्ता पक्ष सदन में अपने हिसाब से कार्रवाई को अंजाम दे रहा है वहां पर सत्ता पक्ष को रोकने वाला कोई नहीं है इसलिए जूली इस गतिरोध को दूर करने के लिए सतत प्रयास करते रहे बाद में उन्होंने अशोक गहलोत को साथ लेकर इस गतिरोध को दूर भी किया ताकि सदन में सत्ता पक्ष के सामने बैठकर उनसे सवाल-जवाब किया जा सके हालांकि कांग्रेस पार्टी के कुछ लोगों को जूली की ओर से गतिरोध को समाप्त करने की पहल करना अच्छा भी नहीं लगा था ।कांग्रेस पार्टी के ही कुछ नेता तभी जुबान से इसे ठीक नहीं मान रहे थे। लेकिन जूली ने प्रदेश की जनता की आवाज को सदन में उठाने के लिए इस गतिरोध को जल्दी से जल्दी समाप्त करना जरूरी समझा और इसी परिपेक्ष में उन्होंने गतिरोध को दूर करने के लिए अशोक गहलोत जैसे नेताओं को साथ लिया और फिर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और सत्ता पक्ष के लोगों के साथ बातचीत करके गतिरोध को दूर करवाया ।

# बिहार की जरूरत बने नीतीश कुमार



उसी समय अटल-आडवाणी और जार्ज-नीतीश ने मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर राजग की घोषणा की और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा जमावड़ा उसके इर्दगिर्द कायम होने लगा। बिहार की राजनीति में भाजपा का साथ मिलने से नीतीश कुमार की स्वीकार्यता बढ़ी। उधर लालू यादव की राजनीति के चलते राजद का जनाधार घटता गया। उनकी छवि को आघात तब पहुंचा, जब उन्होंने चारा घोटाले में फंसने के बाद पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद सौंपने का फैसला लिया-और वह भी तब जब उनका राजनीतिक अनुभव शून्य था। इस पर गौर करें कि जहां लालू यादव जेल जाने की नौबत आने पर राजनीतिक अनुभव से शून्य पत्नी को सत्ता सौंपने का निर्णय लेते हैं वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद नीतीश कुमार ने उसकी जिम्मेदारी लेते हुए जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया। इससे पता चलता है कि एक साथ राजनीति शुरू करने वाले नेता अपनी राजनीति को किस तरह अलग दिशा देते

नीतीश कुमार एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं तो एक समय उनसे भी बड़े कद के नेता समझे जाने और राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने वाले लालू प्रसाद यादव पूरी तरह निस्तेज हो चुके हैं और उनका राष्ट्रीय जनता दल संकट में है। नीतीश कुमार लगभग 20 साल से मुख्यमंत्री पद पर हैं। वे केंद्र में मंत्री भी रहे हैं। इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भी उन पर न तो किसी तरह के घपले-घोटाले के आरोप हैं और न ही परिवादवाद या भाई-भतीजावाद के। उनकी यही छवि उन्हें औरों से अलग बनाती है। वे एक ऐसे नेता के रुप में सामने आए, जिसे इस बार के विधानसभा चुनावों में लोगों ने फिर से सत्ता में लाने के लिए मतदान किया। 20 साल बाद भी सत्ता विरोधी के बजाय सत्ता अनुकूल प्रभाव की मिसाल देने वाले वे विरले नेता हैं। कभी जनता दल में लालू यादव, नीतीश कुमार, रामविलास पासवान जैसे नेता एक साथ थे। बिहार में 1989 का लोकसभा चुनाव और 1990 का विधानसभा चुनाव लालू-नीतीश के संयुक्त नेतृत्व में ही लड़ा गया था। लालू प्रसाद मुख्यमंत्री बनने के बाद अलग राह पर चलने लगे। 1994 में जार्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में समता पार्टी का गठन हुआ, लेकिन तब बिहार में सामाजिक परिवर्तन की चाह इतनी तीव्र थी कि लालू यादव का करिश्मा कम होने का नाम नहीं ले रहा था। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में समता पार्टी बुरी तरह पराजित हुई, लेकिन नीतीश कुमार के हौसले में कमी नहीं आई। उसी समय अटल-आडवाणी और जार्ज-नीतीश ने मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर राजग की घोषणा की और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा जमावड़ा उसके इर्दगिर्द कायम होने लगा। बिहार की राजनीति में भाजपा का साथ मिलने से नीतीश कुमार की स्वीकार्यता बढ़ी। उधर लालू यादव की राजनीति के चलते राजद का जनाधार घटता गया। उनकी छवि को आघात तब पहुंचा, जब उन्होंने चारा घोटाले में फंसने के बाद पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद सौंपने का फैसला लिया-और वह भी तब जब उनका राजनीतिक अनुभव शून्य था। इस पर गौर करें कि जहां लालू यादव जेल जाने की नौबत आने पर राजनीतिक अनुभव से शून्य पत्नी को सत्ता सौंपने का निर्णय लेते हैं वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद नीतीश कुमार ने उसकी जिम्मेदारी लेते हुए जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया। इससे पता चलता है कि एक साथ राजनीति शुरू करने वाले नेता अपनी राजनीति को किस तरह अलग दिशा देते हैं। 2000 आते-आते लालू यादव पिछड़ों के एक खास तबके के ही नेता बनकर रह गए और उधर नीतीश कुमार अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने में कामयाब रहे। हालांकि उनके सामने कई चुनौतियां कायम रहीं। 2000 के विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार को राज्य के मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई गई, लेकिन राजग सरकार को बहुमत का विश्वास प्राप्त न होने कारण उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद उन्हें अटल सरकार में केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने कृषि, रेलवे, जहाजरानी आदि मंत्रालय संभाले। उनके मंत्रालयों के संचालन में आई पारदर्शिता और कार्यकुशलता ने उन्हें लालू यादव के सामने एक बड़ी लकीर के रूप में लाकर खड़ा कर दिया। बिहार में खास तौर पर गांव, गली में दोनों के कार्य करने के तरीकों की चर्चा होने लगी। ऐसे ही माहौल में 2005 का विधानसभा चुनाव प्रारंभ हुआ। चुनावों में राजग ने मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने में हिचकिचाहट दिखाई। जदयू में भी नीतीश कुमार के नाम पर सभी एकमत नहीं थे। पहले चरण के चुनाव का आकलन राजग के पक्ष में नहीं दिख रहा था। ऐसे ही माहौल में एक दिन चुनाव प्रचार के सिलसिले में जब नीतीश कुमार एक सभास्थल की ओर बढ़ रहे थे कि एक पत्रकार मित्र ने समाचार दिया कि लालकृष्ण आडवाणी ने रांची में मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के नाम की घोषणा की है। इसके बाद नीतीश की सभाओं में अचानक अधिक भीड़ उमड़ने लगी। 2005 में नतीजे राजग के पक्ष में आए, लेकिन बहुमत का आंकड़ा फिर भी कुछ छिटक गया। तब रामविलास पासवान ने दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर अलग चुनाव लड़ा था और वे अपनी 29 सीटों के साथ किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाने पर जोर दे रहे थे। उनके किसी पाले में न जाने के कारण विधानसभा त्रिशंकु हो चली थी। विधायकों में विधानसभा भंग होने की आशंका के कारण असुरक्षा का भाव बढ़ रहा था। इसी दौरान पार्टी अध्यक्ष जार्ज फर्नांडिस के आवास पर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में नीतीश कुमार, शरद यादव, राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, दिग्विजय सिंह, प्रभुनाथ सिंह के साथ मैं भी मौजूद था। काफी विचार-विमर्श के बाद एक नेता का सुझाव आया कि विधायकों से बात करके कुछ धनराशि का प्रबंध किया जाना चाहिए, ताकि सरकार बनाने का सिलसिला आगे बढ़े। यह बात सुनकर नीतीश कुमार हाथ जोड़कर बोले कि यदि इस तरीके से मुख्यमंत्री पद प्राप्त होना है तो वह मुझे नहीं चाहिए।


## सम्पादकीय

# क्या एलपीजी समझौते से खुल जाएगा ट्रेड डील का रास्ता?



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के जल्दी ही किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इसके समांतर दोनों देशों में कई अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनती देखी जा रही है। अगर कुछ अहम बिंदुओं पर बातचीत परस्पर हित पर आधारित समझौते तक पहुंचती है, तो इससे व्यापार वार्ता भी एक ठोस स्वरूप में सामने आएगी। इस क्रम में जहां अमेरिका के सख्त रुख में नरमी देखी जा रही है, वहीं भारत भी अपने व्यापक हित के मद्देनजर व्यावहारिक फैसले ले रहा है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच रसोई गैस के मसले पर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसे आने वाले दिनों में अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से आगे बढ़ते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन रसोई गैस खरीदेगा। हालांकि यह भारत की सालाना जरूरत का मात्र दस फीसद है और यह समझौता केवल एक वर्ष के लिए ही है, लेकिन इस सहमति को एक व्यापक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि तेल की कीमतों के मामले में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता की वजह से रसोई गैस के दाम में कैसे उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। अब इस समझौते के अमल में आने के बाद भारत के सामने नए विकल्प खुलेंगे और रसोई गैस की आपूर्ति का जोखिम कम होगा। यह समझौता भारत की तीन सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिकी उत्पादकों के साथ किया है। अब अगर किन्हीं हालात में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में कोई उतार-चढ़ाव आता है, तो वैसी स्थिति में भारत पर इसका असर सीमित होगा। इसके अलावा, अगर अगले वर्ष रसोई गैस और तेल के वैश्विक बाजार में किसी तरह की उथल-पुथल होती है, तो भारत के सामने इस मामले में स्थिति को संभालने के लिए एक वैकल्पिक इंतजाम होगा। कहा जा सकता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और जरूरतों के मद्देनजर एक नई रणनीति के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। इसका असर पिछले कुछ समय से टकराव की स्थिति तक पहुंच चुके भारत-अमेरिका संबंधों में फिर से गर्माहट के रूप में सामने आ सकता है। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में स्थिरता के रूप में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और सार्वजनिक कंपनियों की स्थिति मजबूत होगी। भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते की अवधि भले ही एक वर्ष है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के एक बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद बंधी है। इसके संकेत इस रूप में भी सामने आए हैं कि अमेरिका ने भारत के काफी, चाय, मसाले, फल आदि कुछ उत्पादों पर लगे शुल्क को वापस लेने की घोषणा की है। इससे भारत के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी। मगर इसका दूसरा पहलू यह भी है कि खुद अमेरिका में कई वस्तुओं की मांग में गिरावट दर्ज की जा रही थी और शुल्क के मसले पर सख्त रवैया खुद उसके आर्थिक हितों के अनुकूल नहीं था। इस लिहाज से देखें तो अमेरिका के रवैये में आए बदलाव में वहां बन रही परिस्थितियों की भी भूमिका है।

# भारत को चिंतित करता बांग्लादेश



बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना के समय यह कल्पना भी नहीं की होगी कि 15 साल बाद यही अदालत उन्हें मौत की सजा सुनाएगी। प्रधानमंत्री हसीना ने इस ट्रिब्यूनल की स्थापना 1971 मुक्ति संग्राम के दोषियों को सजा दिलाने के लिए की थी ताकि मानवता के खिलाफ हुए जघन्य अपराधों के दोषियों को उनकी करतूतों की सजा दिलाई जा सके। हाल में इसी ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को मृत्युदंड की सजा सुनाई। उनके खिलाफ बांग्लादेश में कई मामले दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश मामले जुलाई 2024 में हुए विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने हसीना को सुनाई गई मृत्यु की सजा को गलत ठहराया है। हालांकि उसने यह भी कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को दोषी करार दिया जाना पिछले साल विरोध-प्रदर्शनों के दमन के दौरान हुए गंभीर उल्लंघनों के पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उल्लेखनीय है कि उच्चायुक्त कार्यालय ने इस वर्ष फरवरी में अपनी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री हसीना की जुलाई-अगस्त 2024 में की गई पुलिस कार्रवाई में संलिप्तता भी पाई थी। चूंकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इस समय भारत में हैं और ट्रिब्यूनल में चली कार्यवाही मौजूदा सरकार की मनमर्जी से हुई है, इसलिए उनकी गैरमौजूदगी में इस तरह के निर्णय का आना ट्रिब्यूनल की स्वतंत्रता पर सवाल उठाता है और राजनीति से प्रेरित जान पड़ता है। इस निर्णय से यह भी करीब-करीब साफ हो गया कि अब शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी असंभव है। अंतरिम शासन के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की सरकार ने पहले ही शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया है और अब हसीना को मृत्युदंड का निर्णय उनकी वापसी की बची-खुची उम्मीदों को भी खत्म करने वाला है। इसके साथ ही बांग्लादेश के भविष्य को लेकर अब नई बहस शुरू हो गई है। एक तो यह कि ऐसा निर्णय कितना न्यायसंगत है और दूसरी यह कि हसीना के प्रत्यर्पण से जुड़ी बांग्लादेश की मांग पर भारत को क्या रुख-रवैया अपनाना चाहिए? इसके कहीं कोई आसार नहीं कि भारत शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश को इसकी अपेक्षा भी नहीं करनी चाहिए, लेकिन यह भी तय है कि वह उन्हें अपने हवाले करने की मांग करता रहेगा। इस सिलसिले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि शेख हसीना को आनन-फानन ढाका से दिल्ली उसी सेना ने रवाना किया था, जिसके समर्थन से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार कायम हुई। आज बांग्लादेश के माहौल पर गौर करें तो यह इस देश के इतिहास का एक दूसरा अध्याय है। पहला अध्याय 1971 के स्वतंत्रता आंदोलन, उसके पाकिस्तान से अलग होने और भारत के अथक सहयोग से उपजे परिदृश्य का है। दूसरा अध्याय जुलाई 2024 के आंदोलन से उपजा, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश की राजनीतिक दशा-दिशा को बदलना था। बिना अवामी लीग और शेख हसीना के बांग्लादेश की परिकल्पना करना अभी मुश्किल है, लेकिन इतिहास गवाह है कि उनकी अनुपस्थिति या कमजोर होने की स्थिति में बांग्लादेश में कुछ खास ताकतें मजबूत होती गईं। इन दिनों भी ऐसी ही कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हो रही हैं और इनमें से अधिकांश पाकिस्तान की हमदर्द हैं। उसी पाकिस्तान की, जिसने बांग्लादेश निर्माण से पहले यहां के लोगों को भयंकर यातनाएं दीं। अब जब बांग्लादेश की जनता का एक बड़ा हिस्सा अपने इतिहास को नए सिरे से लिखने पर आमादा हो और अंतरिम सरकार भी उसका साथ दे रही हो तो फिर इस पहलू को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि 1971 के इतिहास को शेख हसीना द्वारा जिस प्रकार पेश किया किया, वह भी कहीं न कहीं उनके खिलाफ गया। बांग्लादेश में एक नई पीढ़ी 1971 के इतिहास से अपनी पुरानी पीढ़ी की तरह नहीं जुड़ पाती तो वहां विदेश नीति का बदलना भी स्वाभाविक है। चूंकि बांग्लादेश में भारत के खिलाफ माहौल बन रहा है, इसलिए शायद यह नई दिल्ली के लिए भी एक अवसर है कि वह भी उस इतिहास से परे मौजूदा परिप्रेक्ष्य में ढाका के साथ बातचीत की संभावनाएं तलाशे। हालांकि यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि बांग्लादेश की भू-सामरिक स्थिति और वहां सक्रिय तमाम आक्रामक अतिवादी समूह भारत की सुरक्षा पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाते हैं। हाल के दिल्ली धमाकों के भी कुछ तार बांग्लादेश से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा भारत चीन की तरह बांग्लादेश के मामलों को केवल आंतरिक मुद्दा नहीं कह सकता, क्योंकि वहां से आने वाले घुसपैठिये लगातार भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं।

# बचने न पाएं माओवादी

**आतंकी डाक्टर उमर के सनसनीखेज वीडियो ने उन इस्लामी संगठनों और मजहबी विद्वानों की चुनौती बढ़ा दी है, जो इस्लामी मान्यताओं का हवाला देकर आतंकवाद के खिलाफ फतवे जारी करने के साथ मुस्लिम युवाओं को मजहबी कट्टरता से बचाने के जतन करते रहे हैं। अब उनका काम और कठिन होगा, लेकिन यह कठिनाई केवल उनके सामने ही नहीं। सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी यही कठिनाई खड़ी हो गई है। सरकारें और उनका तंत्र एक बार को उन मुस्लिम युवाओं को तो मजहबी कट्टरता..**



कुख्यात माओवादी सरगना हिड़मा के अपने कई साथियों संग मारे जाने के दूसरे दिन जिस तरह कुछ और माओवादी मार गिराए गए, उससे माओवाद अंतिम सांसें गिनते हुए दिखने लगा है। अब यह उम्मीद बढ़ गई है कि अगले वर्ष मार्च तक माओवाद के खात्मे का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। ऐसा होता हुआ इसलिए दिख रहा है, क्योंकि अब तीन-चार माओवादी सरगना ही ऐसे रह गए हैं, जो पस्त पड़े अपने साथियों का नेतृत्व कर सकने में समर्थ हैं। यदि वे हथियार नहीं डालते तो उनका सफाया करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। बचे-खुचे माओवादियों को मुख्यधारा में आने के लिए अवश्य कहा जाना चाहिए, लेकिन उनके खिलाफ जो अभियान जारी है, उसमें कोई नरमी इसलिए नहीं आने दी जानी चाहिए, क्योंकि अतीत में उन्होंने निष्क्रिय रहकर अपने को फिर से संगठित करने के साथ ही ताकतवर भी बना लिया था। इस बार उन्हें कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि उनके हथियार डालने की शर्तें अत्यधिक उदार हैं। जो इन उदार शर्तों का लाभ उठाने को तैयार नहीं, उन्हें यह संदेश देने में संकोच नहीं किया जाना चाहिए कि उनका बचना संभव नहीं। मुख्यधारा में शामिल होने से इन्कार करने और अपनी लड़ाई जारी रखने वाले माओवादी किसी नरमी के हकदार नहीं हो सकते। जितना जरूरी यह है कि हथियारबंद माओवादियों के खिलाफ दबाव और बढ़ाया जाए, उतना ही यह भी कि उन्हें वैचारिक खुराक देने वाले उनके दबे-छिपे समर्थकों पर शिंकजा कसा जाए। माओवाद सभ्य समाज विरोधी एक विषैली विचारधारा है। इस खतरनाक विचारधारा के लिए भारत में कोई स्थान नहीं हो सकता। यह सही समय है कि उन नकली मानवाधिकारवादियों पर भी निगाह रखी जाए, जो माओवादियों को गरीबों की लड़ाई लड़ने वाला बताते हैं। कुछ तो ऐसे हैं, जो खूंखार माओवादियों को बंदूकधारी गांधीवादी तक बता चुके हैं। तथ्य यह भी है कि वाम दलों को माओवादियों के खिलाफ जारी अभियान रास नहीं आ रहा है। ये दल इस अभियान को तो कठोर बताते हैं, लेकिन माओवादियों की बर्बरता के खिलाफ कभी मुंह नहीं खोलते। उन्हें यह भी नहीं दिखता कि माओवादी विकास के बैरी बन चुके हैं और वे सबसे अधिक नुकसान उन आदिवासियों को ही पहुंचा रहे हैं, जिनके हितैषी होने का फर्जी दावा करते हैं। एक समय माओवाद नक्सलवाद के रूप में था। बंगाल में अपनी कमर टूटने पर नक्सलियों ने ही आंध्र में माओवादियों का चोला धारण किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया बीएलओ का किया सम्मान

### कलेक्ट्रेट सभागार में शत प्रतिशत डिजिटलीकरण करने वाले 4 बीएलओ हुए सम्मानित

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के अन्य बीएलओ से की प्रेरणा लेने की अपील

### जयपुर जिले में 98 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का किया जा चुका है वितरण




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जयपुर जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शत प्रतिशत डिजिटलीकरण का लक्ष्य हासिल करने वाले 4 बीएलओ को सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के ओमप्रकाश स्वामी, चाकसू विधानसभा क्षेत्र के बनवारी लाल शर्मा, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सुनील कुमार बैरवा एवं फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के रमेश कुमार नारनोलिया को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले के अन्य बीएलओ से सम्मानित हुए बीएलओ से प्रेरणा लेते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत डिजिटलीकरण के लक्ष्य को हासिल करने का आह्वान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि 20 नवंबर तक जयपुर जिले में कुल 47 लाख 51 हजार 14 परिगणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं वहीं, 18 लाख 54 हजार 748 प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 40 हजार 155 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 30 हजार 971 का डिजिटलीकरण, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 68 हजार 844 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 96 का डिजिटलीकरण, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 37 हजार 714 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 32 हजार 35 का डिजिटलीकरण, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 2 हजार 421 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 43 हजार 224 डिजिटलीकरण, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 65 हजार 765 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 29 हजार 451 का डिजिटलीकरण, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार 311 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 38 हजार 233 का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। वहीं, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 35 हजार 199 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 23 हजार 985 का डिजिटलीकरण, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार 567 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 38 हजार 213 का डिजिटलीकरण, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 36 हजार 849 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 14 हजार 285 का डिजिटलीकरण, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार 214 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 61 हजार 146 का डिजिटलीकरण, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 45 हजार 8 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 67 हजार 448 का डिजिटलीकरण, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 51 हजार 204 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 85 हजार 50 का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बगरू विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 72 हजार 644 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 9 हजार 537 का डिजिटलीकरण, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 4 लाख 44 हजार 863 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 37 हजार 663 का डिजिटलीकरण, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 91 हजार 114 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 58 हजार 195 का डिजिटलीकरण, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 64 हजार 431 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 84 हजार 119 का डिजिटलीकरण वहीं, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 59 हजार 711 परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं 1 लाख 1 हजार 97 का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके तहत जिले में 04 नवंबर से 04 दिसंबर तक परिगणना चरण का संचालन किया जा रहा है। इस चरण में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण सतत रूप से किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र httpsÑ//voters.eci.gov.in/ पर जाकर अथवा प्रदान किए गए QR Code को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जिले में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण की प्रगति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र बस्सी ने सर्वाधिक 55.53 फीसदी प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## भारत भूषण एडवोकेट होंगे राजाखेड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा बार एसोसिएशन के 12 दिसंबर को अध्यक्ष पद के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए राजाखेड़ा में भारत भूषण शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी होंगे यह जानकारी एडवोकेट अनिल शर्मा ने दी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी होने के कारण उनका माल डाल करके स्वागत भी किया गया जिस मौके पर एडवोकेट मुकेश कमठान एडवोकेट विमल शर्मा एडवोकेट किशन सिंह त्यागी एडवोकेट पंकज जैन एडवोकेट अनिल शर्मा लालपुर वाले एडवोकेट उमाकांत मुद्गल मौजूद थे साथ ही एडवोकेट मुकेश कमठान वह एडवोकेट विमल शर्मा ने भारत भूषण शर्मा का माला डालकर स्वागत भी किया।

## भाकर के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लाडनू विधायक और युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे मुकेश भाकर के जन्मदिन पर युवा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किए और झुग्गी बस्ती में जाकर गरीब बच्चों के साथ भाकर का जन्मदिन मनाया। कांग्रेस नेता हितेश जाखड़ के नेतृत्व में युवा नेता लायंस चेरीटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। हितेष जाखड़ ने बताया कि युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान करते हुए विधायक मुकेश भाकर की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान पार्षद ईस्माईल खान, पार्षद लियाकत अली, इरफान खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे। रक्तदान के बाद युवा ठरड़ा रोड़ स्थित झुग्गी बस्तियों में पहुंचे और वहां पर बच्चों के स्वेटर वितरण कर विधायक मुकेश भाकर की लंबी उम्र की कामना की। हितेश जाखड़ ने कहा कि मुकेश भाकर आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में चमकते सितारे के रूप में उभरें, यही हम सबने कामना की है।

## पक्षी प्रेमी नरेंद्र पारीक का किया अभिनन्दन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गौरेया संरक्षण के लिए आम लोगों को सालों से घोंसलों का वितरण कर रहे पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र पारीक का युवा मोर्चा की ओर से अभिनंदन किया गया है। भाजपा युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी के नेतृत्व में नरेंद्र पारीक के घर जाकर दुपट्टा पहनाकर एवं राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट करके उनका सम्मान किया गया। नरेंद्र पारीक पिछले कई वर्षों से पक्षी कल्याण हेतु सेवा कर रहे हैं और 500 से अधिक घौंसलों का वितरण भी कर चुके हैं। इस दौरान अर्जुन सियोता, आकाश बिनावरा, केशव शर्मा, भूपेन्द्र खत्री सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण कर नरेंद्र पारीक का अभिनंदन किया।

## नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत की रजनी शर्मा जिला संयोजक नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत ने जिले की वरिष्ठ साहित्यकार व समाजिक चिंतक रजनी शर्मा को जिला समन्वयक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ललित नारायण आमेटा ने उम्मीद जताई है कि रजनी शर्मा साहित्यकार के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं। निश्चित ही वह क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस मंच से जोड़ने का कार्य करेंगीं। उल्लेखनीय है कि नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत (एनवाईपीएस) डिजिटल मंच युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, शासन और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं से जोड़ने के लिए एक डिजिटल मंच है। यह प्लेटफार्म युवाओं को विभिन्न विषयों पर बहस करने, अपने विचार व्यक्त करने और नेतृत्व व नागरिक भागीदारी कौशल विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह एक डिजिटल ब्रिज है जो युवाओं को राष्ट्रीय चर्चाओं में भाग लेने और 'विकसित भारत 2047' के लिए अपने विचार साझा करने में मदद करता है। यह प्रतिभागियों को स्व-शिक्षण के लिए ई-प्रशिक्षण संसाधन, ट्यूटोरियल और प्रशिक्षण वीडियो प्रदान करता है। यह डिजिटल मंच नेतृत्व क्षमता, नागरिक भागीदारी और निर्णय लेने के कौशल को विकसित करता है साथ ही युवाओं में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की गहरी समझ पैदा करता है। यह युवाओं को संसद की कार्यवाही और कानून निर्माण की प्रक्रिया को समझने में मदद करता है। अपनी नियुक्ति पर रजनी शर्मा ने नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आमेटा के प्रति आभार जातते हुए कहा है कि वह नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत डिजिटल मंच के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जनकाल्याणकारी योजनाओं का धरातल स्तर तक समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे गरीब तबके को उनका हक दिलाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करने में कोताही नहीं बरतेंगीं।

## घुटने का जटिल रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण कर वापस चलायमान किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** घुटने का जोड़ प्रत्यारोपण आज की सफलतम सर्जरी में गिनी जाती है लेकिन कई बार प्राइमरी जोड़ प्रत्यारोपण के बाद कई कारणों से सर्जरी फेल भी जाती है, जिसके कारण रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण करने की जरूरत पड़ती है जो कि एक जटिल सर्जरी होती है जिसके लिए विशेष औजार, इंप्लांट के साथ ही सर्जन की विशिष्ट ट्रेनिंग और दक्षता की जरूरत होती है। ऐसी ही एक सर्जरी करके मरीज को वापस चलायमान करने में सफलता प्राप्त की है नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डा विजय शर्मा और उनकी टीम ने। केस के बारे में बताते हुए डा विजय शर्मा ने बताया कि 72 वर्षीय महिला के दोनो घुटनों का प्रत्यारोपण 2 साल पहले हुआ था द्य लेकिन पिछले कुछ समय से बाए घुटने में दर्द और सूजन रहने लगी थी। जांच करने पर पता लगा की इंप्लांट ढीला पड़ चुका है। डा विजय ने बताया कि इंप्लांट के ढीला पड़ने के कई कारण हो सकते है, जिनमे मुख्य कारण इन्फेक्शन होता है, लेकिन इस केस में इन्फेक्शन के सारे मार्कर और जोड़ के फ्लूड की जांच भी इन्फेक्शन के लिए नेगेटिव निकली। ऐसी लूजनिंग को एसेप्टिक लूजनिंग कहते है। पूरी तरह जांच के बाद डा विजय शर्मा में सिंगल स्टेज रिवीजन करने का निर्णय लिया और एक ही स्टेज में पुराने ढीले जोड़ को निकाल कर विशेष प्रकार के रिवीजन जोड़ के साथ जोड़ प्रत्यारोपण किया। मरीज दूसरे दिन से ही चलने लगा और अब सकुशल चलायमान है। डा विजय ने बताया कि इन्फेक्शन के केस में इस तरह के केस को दो स्टेज में किया जाता है जिसमे मरीज को दोनो स्टेज के बीच के करीब तीन महीने तक मरीज को बहुत तकलीफ सहनी पड़ती है। इस तरह के केस में हड्डियों के डिफेक्ट को मैनेज करना बहुत बड़ा चैलेंज होता है जिसके लिए विशेष मेटल के ऑगमेंट को रिवीजन इंप्लांट में फिट करके गैप को भरा गया। इस ऑपरेशन में डा विजय के साथ डा मनीष गुप्ता का सहयोग रहा

## ग्राम-2026 के आयोजन के लिए राज्य सरकार व फिक्की के बीच एमओयू हस्ताक्षर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 की अनुपालना में राज्य स्तरीय ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) - 2026 का आयोजन मार्च 2026 में जेईसीसी, सीतापुरा, जयपुर में किया जाएगा। ग्राम-2026 के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार ने फिक्की को समिट पार्टनर के रूप में चयनित किया है। गुरुवार को शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की उपस्थिति में कृषि एवं उद्यानिकी आयुक्त चिन्मयी गोपाल द्वारा फिक्की के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। ग्राम-2026 के तहत प्रदेश के सभी जिलों से 50 हजार से अधिक कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आधुनिक कृषि तकनीकों, निवेश और नवाचार से अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। राज्य के कृषि क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और तकनीकी हस्तांतरण के उद्देश्य से तीन देशों में अंतरराष्ट्रीय रोड शो तथा देश के चार प्रमुख शहरों में घरेलू रोड शो आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की उन्नत तकनीकी और आदानों के प्रदर्शन के लिए लगभग 300 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों के उद्यमियों, स्टार्टअप्स, कंपनियों, आदान निर्माताओं, संस्थानों और विभिन्न संगठनों की भागीदारी रहेगी। तकनीकी के सजीव प्रदर्शन हेतु स्मार्ट फार्म, टेक फार्म, पशु प्रदर्शनी और कृषि मशीनरी प्रदर्शनी का भी आयोजन प्रस्तावित है, जहां किसान आधुनिक उपकरणों व प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ सकेंगे। साथ ही, कृषकों को नवीनतम जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सेमिनार एवं कृषक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। ग्राम-2026 में देश-विदेश के निवेशक, कंपनियों के सीईओ/चेयरमैन, विशेषज्ञ व वीआईपी सहभागी होंगे। कार्यक्रम के दौरान बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) एवं बी2जी (बिजनेस टू गवर्नमेंट) बैठकों का आयोजन कर कृषि एवं ड्डग्घ्द्धद्भस्न सेक्टर में निवेश व साझेदारी के नए अवसरों को बढ़ावा दिया जाएगा।

## डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण शिक्षा को नई दिशाः पलाश श्रीवास्तव



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले के ग्राम कछपुरा (आंगई) में आईआईएफसीएल कंपनी एवं जिला परिषद के सहयोग से ग्रामीण डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। शिक्षा की शक्ति के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली इस पहल को विकसित भारत के विजन से जोड़ा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण भारत ही देश की असली ताकत है। यदि गांवों के बच्चे डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ जाएं, तो वे किसी भी बड़े शहर के बच्चों की तरह बेहतर शिक्षा और तकनीक तक पहुंच बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और तकनीक तक बराबर पहुंच हर बच्चे का मूल अधिकार है। श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा पर भी विशेष जोर देते हुए युवाओं से हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आईआईएफसीएल जिला परिषद के साथ साझेदारी में धौलपुर जिले के कई गांवों में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित कर रहा है। इन लाइब्रेरी में कंप्यूटर लैब, डिजिटल टीवी, वाई-फाई, आरामदायक फर्नीचर, करियर काउंसलिंग और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने इस परियोजना को ग्रामीण शिक्षा में नई क्रांति बताते हुए कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी 'संविधान घर' के नाम से जानी जाएगी। इससे ग्रामवासियों में संवैधानिक मूल्यों की समझ, डिजिटल इंडिया में सहभागिता, जनभागीदारी, सामुदायिक स्वामित्व की भावना, रोजगार व कौशल विकास और शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक व दूरगामी बदलाव देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम में पवन कुमार, गौरव सिंघल, ऐश्वर्य मुद्गल, सुबोध शर्मा, विकास अधिकारी गिर्राज, रामलखन मीणा, किशन सिंह, धर्मेंद्र सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, युवाओं व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## डाइट में तीन दिवसीय एसईईएल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** डाइट प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक अध्ययन एसईईएल डीआरयू-3 के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह प्रशिक्षण राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद, उदयपुर द्वारा जारी पंचांग 2025-26 के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में एसआरजी सुनील शर्मा तथा एसआरजी शिव कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्यों, एसईईएल मॉडल की अवधारणा तथा विद्यालयी शिक्षण में इसके उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन से अमन ख़ान ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दिया। यह प्रशिक्षण 20 से 22 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागी शिक्षकों को सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नैतिक मूल्यों के विकास, कक्षा-परिस्थिति प्रबंधन तथा विद्यार्थी व्यवहार-समझ से संबंधित गतिविधियों एवं रणनीतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. राठौड़ ने कहा कि एसईईएल प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और शिक्षकों को इसके मूल तत्वों को विद्यालयों में व्यवहारिक रूप से लागू करना चाहिए। प्रथम दिन प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम का संचालन डीआरयू प्रभागाध्यक्ष प्रसन्ना मीणा ने किया।

# बॉलीवुड में सब बस अपना फायदा देखते हैं, यहां कोई किसी के लिए नहीं लड़ता



सयानी गुप्ता इन दिनों चर्चित वेब सीरीज दिल्ली क्राइम 3 को लेकर चर्चा में हैं। लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित इस सीरीज में वो नेगेटिव रोल में हैं। उन्होंने बताया कि ने देखा कि कुछ असिस्टेंट डायरेक्टर्स रात के डेढ़ बजे फुटपाथ पर बैठकर कैब की राह देख रही थीं। जॉली एलएलबी 2, फोर मोर शॉट्स प्लीज, पगलैट जैसी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रहीं ऐक्ट्रेस सयानी गुप्ता इन दिनों चर्चित वेब सीरीज दिल्ली क्राइम 3 को लेकर चर्चा में हैं। लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित इस सीरीज में सयानी नेगेटिव भूमिका निभा रही हैं।

### किसी को तो विलन बनना पड़ेगा

खुद एक फेमिनिस्ट होने के बावजूद सीरीज में बच्चियों के साथ हिंसा करने जैसे सीन करने को लेकर सयानी कहती हैं, हम ऐक्टर हैं और ऐक्टर होने के नाते आप हर तरह का रोल करना चाहते हैं। किसी को तो विलन बनना पड़ेगा। किसी को तो बुरे इंसान का रोल भी करना पड़ेगा और कन्विंसिंग तरीके से करना होगा। मैंने अपने 14 साल के करियर में दूसरी बार बुरे इंसान का रोल किया है और मुझे बहुत मजा आया क्योंकि मैं इसमें बहुत ही बदमाश हूं, जबकि असल जिंदगी में बिल्कुल भी बदमाश नहीं हूं। पर्सनली मुझे हिंसा से नफरत है, मैं ट्रिगर हो जाती हूं, पर इसमें मारपीट करने, गंदी-गंदी भाषा में गाली देने में बहुत मजा आया, क्योंकि जो आप नहीं रियल में नहीं कर सकते, वह ऐक्टर के तौर पर करने में भी एक मजा है। फिर, देखा जाए तो कोई भी इंसान पूरी तरह अच्छा या बुरा नहीं होता। शो में ही मेरे किरदार कुसुम की बात करें तो वह खुद दबाई गई है, इसलिए क्रूर बन गई है।

### वो मुद्दे परेशान करते हैं वो दिखाना पसंद

लेकिन क्या लड़कियों की बेबसी का फायदा उठाने, उनकी सौदेबाजी जैसे सीन उन्हें झकझोरते या परेशान करते हैं? इस पर उन्होंने कहा, मुझे असल में उल्टा लगता है कि हम ऐक्टर्स के पास ये हथियार है कि जो चीजें या मुद्दे हमें परेशान करते हैं, उनको दिखाकर हम लोगों को सोचने पर मजबूर कर सकते हैं। मतलब, जो मुद्दे मुझे परेशान करते हैं या सोच में डालते हैं, मैं उन कहानियों का हिस्सा जरूर बनना चाहूंगी, क्योंकि अगर हम किसी फिल्म या शो के जरिए उसे मेनस्ट्रीम में ला पाएं और उस पर चर्चा हो तो इससे बेहतर क्या होगा। वे लड़कियां इतनी रात में घर कैसे जाएंगी। मुझे लगता है कि हम ऐक्टर उस जगह पर हैं जहां उन लोगों के लिए बोल सकते हैं, जिनकी नहीं सुनी जाती तो आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।

### हमारे यहां कोई दूसरे के लिए नहीं लड़ता

सयानी को फिल्म सेट पर टीम संग गैरबराबरी से जुड़ी कई चीजें भी परेशान करती हैं। शूटिंग की शिफ्ट तय होने की चर्चा छिड़ने पर वह बेबाकी से कहती हैं, हमारे यहां ऐक्टर की मजबूत यूनियन ही नहीं है। जैसे हॉलिवुड में एआई को लेकर इतनी बड़ी हड़ताल हुई। पूरी इंडस्ट्री के ऐक्टर, डायरेक्टर वो चाहे कितने भी अनुभवी या नए थे, हर कोई साथ आया, काम बंद किया। हमारे यहां ऐसा नहीं है। यहां सब अपना-अपना सोचते है। कोई किसी के लिए नहीं लड़ता। हम भारतीयों की सोच यही है कि हमारा काम नहीं जाए। मैं क्यों लड़ूं, यहां हर कोई ओवरटाइम करता है जिसका उन्हें कोई एक्स्ट्रा पैसा नहीं मिलता। देखिए, बतौर ऐक्टर मैं 20 घंटे भी काम हुआ तो करूंगी, पर जो लाइटमैन सबसे पहले आता है और सबसे बाद में जाता है और वो ट्रेन से जाएगा। उसके पास गाड़ी नहीं है। ऐसे सैकड़ों लोग सेट पर होते हैं, जिनके लिए बेसिक सुविधाएं नहीं होतीं।



## दिल्ली क्राइम सीजन-3 में बड़ी दीदी का किरदार निभाना चैलेंजिंग

दिल्ली क्राइम सीजन-3 और महारानी-4 से ओटीटी पर तहलका मचाने वाली हुमा कुरैशी हर तरफ छाई हुई हैं। दोनों ही सीरीज को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और अब एक्ट्रेस ने दिल्ली क्राइम सीजन-3 को लेकर खुलकर बात की है और साथ ही इस बात पर भी जोर दिया है कि सिनेमा में हर तरह की फिल्में बननी चाहिए, चाहे वे छोटी हो या बड़ी। हुमा कुरैशी ने आईएएनएस से बातचीत में बड़ी और छोटी दोनों तरह की फिल्में बनाने पर जोर दिया। हुमा ने कहा, हिंदी सिनेमा के लिए हमेशा बड़ी फिल्में ही जरूरी नहीं हैं, इतनी ही जरूरत छोटी और कम बजट वाली फिल्मों की भी है, और ऐसे कार्यक्रम उन सभी स्टार्स, निर्देशकों, और एक्टर्स को प्लेटफॉर्म देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमें अच्छी फिल्में बनानी होंगी। हमें ऑडियंस को देखकर अलग-अलग तरह की फिल्में बनानी होंगी। बार-बार एक तरह की फिल्म बनाने से नहीं होगा। बड़ी फिल्में और छोटी फिल्में दोनों को बराबर अहमियत देने की जरूरत है।

दिल्ली क्राइम सीजन-3 में अपने निगेटिव रोल पर बात करते हुए हुमा ने कहा, मैंने पहली बार जिंदगी में इतना निगेटिव रोल प्ले किया है। जब पहली बार मुझे कॉल आया, तो मुझे लगा कि कॉप के किरदार के लिए फोन किया होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं, आपको निगेटिव रोल करना होगा। ये रोल मेरे लिए प्ले करना मुश्किल था, लेकिन मजा भी आया। उस वक्त मैं महारानी-4 की शूटिंग भी कर रही थी। मेरे लिए एक ही समय पर दो तरह के अलग रोल प्ले करना आसान नहीं था।

बता दें कि दिल्ली क्राइम सीजन 3 में हुमा कुरैशी ने एक दीदी का रोल प्ले किया है, जो छोटी बच्चियों की तस्करी करती है। सीरीज इस बार बस दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार विदेश तक फैले हैं। दिल्ली क्राइम सीजन-3 14 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, जबकि महारानी का नया सीजन 7 नवंबर को रिलीज हो गई थी। सीरीज को ऐसे मौके पर रिलीज किया गया, जब बिहार में जनता नई सरकार चुनने की तैयारी में थी। महारानी-4 बिहार की राजनीति पर बनी सीरीज है, जिसके शुरुआती तीन सीजन जबरदस्त रहे हैं। चौथे सीजन में कहानी को आगे बढ़ाते हुए इस बार पीएम पद की लड़ाई देखने को मिली है।



## ब्रेक के बाद निर्देशक दानिश असलम की फिल्म से वापसी करेंगे इमरान खान

**आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले ब्रेक के बाद बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।**

इमरान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म ब्रेक के बाद की तरह ही है। उन्होंने कहा, यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी।

### ब्रेक के बाद की कहानी

इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले ब्रेक के बाद फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह आई हेट लव स्टोरीज की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

### इमरान का करियर

आखिरी बार इमरान 2015 में फिल्म कट्टी बट्टी में नजर आए थे। इस फिल्म के बाद उन्होंने अभिनय छोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें मिलने वाले किरदार पसंद नहीं आ रहे थे। अब वह वापसी कर रहे हैं, लेकिन वह अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर बहुत सावधानी बरत रहे हैं।

## मां वंदे में पीएम मोदी की मां का किरदार निभाएंगी रवीना



रवीना टंडन हमेशा अपने दमदार और संवेदनशील अभिनय के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में फिल्म पटना शुक्ला और लॉयर में उनके प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब खबर है कि रवीना एक और महत्वपूर्ण किरदार निभाने जा रही हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक मां वंदे का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में रवीना, प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन मोदी की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन क्रांति कुमार करेंगे, जबकि दक्षिण भारतीय अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... रवीना इस किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं। वह हमेशा से हीराबेन की सादगी, संघर्ष और कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहने की क्षमता की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र ने बताया कि यह फिल्म मां-बेटे के रिश्ते पर बेस्ड भावनात्मक फिल्म होगी। इसमें हीराबेन के त्याग, उनकी दृढ़ता और मोदी के जीवन में उनके योगदान को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। रवीना, हीराबेन के जीवन की इन्हीं बातों से प्रभावित होकर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं। साउथ इंडस्ट्री के एक्टर उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में नजर आएंगे।

## लक्ष्मण उतेकर की फिल्म ईथा में दिखाई देंगे रणदीप हुड्डा



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी नई फिल्म ईथा को लेकर चर्चा में हैं। 2024 में रिलीज हुई स्त्री 2 की बड़ी सफलता के बाद श्रद्धा अब एक बार फिर अलग अंदाज में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं, जिन्होंने पहले छावा जैसी फिल्म बनाई थी। ताजा जानकारी के अनुसार... फिल्म में श्रद्धा के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार होगा जब श्रद्धा और रणदीप स्क्रीन पर दिखेंगे। दोनों के बीच लगभग 11 साल की उम्र का अंतर है। शूटिंग महीने के अंत तक मुंबई में शुरू होने वाली है। रणदीप और श्रद्धा दोनों को लेकर निर्माता बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि दोनों ही कलाकारों में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा है, जो निर्देशक की सोच से पूरी तरह मेल खाती है।

कहानी की बात करें तो यह फिल्म एक मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। श्रद्धा इस किरदार के लिए लावणी डांस की ट्रेनिंग ले रही हैं।

# हैवान में अक्षय को चेज करते दिखेंगे सैफ



अक्षय कुमार के काम की स्पीड एक बार फिर चर्चा में है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म हैवान की शूटिंग हाल ही में मुंबई के चर्चगेट स्टेशन के पास पूरी हुई। इसमें अक्षय और सैफ अली खान ने लगातार पांच देर रातों तक शूटिंग कर फिल्म का क्लाइमेक्स सीक्वेंस कंप्लीट किया। फिल्म में बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इस सीन में करीब 30-40 कारें और 100 जूनियर आर्टिस्ट शामिल थे, जिसे एक्शन डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने कोरियोग्राफ किया। रात के समय आउटडोर शूटिंग को लेकर प्रियदर्शन ने कहा कि... मुंबई जैसे व्यस्त शहर में इतनी बड़ी यूनिट के साथ शूट करना आसान नहीं था लेकिन अक्षय और सैफ ने बेहद प्रोफेशनल अंदाज में साथ दिया।

### मलयालम थ्रिलर ओप्पम की हिंदी रूपांतरण है ये फिल्म

दिलचस्प बात यह है कि अक्षय आमतौर पर जल्दी सोने के लिए जाने जाते हैं लेकिन उन्होंने इस लेट-नाइट शूट में पूरी तन्मयता से काम किया। फिल्म हैवान प्रियदर्शन की 2016 की मलयालम थ्रिलर ओप्पम की हिंदी रूपांतरण है। जहां मूल फिल्म में मोहनलाल ने लीड निभाया था, वहीं हिंदी वर्जन में सैफ ने एक नेत्रहीन व्यक्ति के किरदार में हैं, जिसकी सूंघने और सुनने की शक्ति बेहद तीव्र है। वे अक्षय के विलन किरदार से भिड़ते हैं।

### अगस्त में शुरू हुआ था शूट

प्रियदर्शन ने बताया... हैवान एक कॉमेडी थ्रिलर है जिसमें नायक और खलनायक के बीच चूहे-बिल्ली की पकड़म-पकड़ाई जैसे खेल चलता है। फिल्म का बड़ा हिस्सा अगस्त 2025 में शूट होना शुरू हुआ था और अब लगभग पूरा हो चुका है।

बता दें कि अक्षय ने दुबई में वेलकम टू द जंगल की शूटिंग शुरू करने से पहले अपना हिस्सा खत्म कर लिया था, जबकि सैफ के कुछ सीन्स बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में फिल्माए जा रहे हैं। प्रियदर्शन के लिए 2025 काफी प्रोडक्टिव रहा है। 69 साल की उम्र में उन्होंने भूत बंगला और हैवान जैसी दो बड़ी फिल्में पूरी की हैं। हैवान 2026 की शुरुआत में रिलीज होगी और इसे प्रियदर्शन की सबसे बड़ी हिंदी परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है।



### बैक-टू-बैक कई प्रोजेक्ट हैं अक्षय के पास

अक्षय, प्रियदर्शन की एक और कॉमेडी-हॉरर फिल्म भूत बंगला में भी दिखेंगे। इसमें उनकी जोड़ी तबु के साथ 25 साल बाद बनेगी। साथ ही परेश रावल और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कॉमेडियन भी फिल्म में नजर आएंगे। वहीं 2027 में ही रिलीज होने वाली उनकी ओह माय गॉड फिर एक बार सामाजिक और धार्मिक पाखंड पर व्यंग्य करेगी, जिसमें अक्षय एक बार फिर गॉड के मैसेंजर बनेंगे।

वहीं 2027 साइको में आने वाली है जो एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर है। यह अक्षय को एक डार्क और गहन अवतार में दिखाएगी। इसके अलावा रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का अगला अध्याय सूर्यवंशी 2 है, जिसमें अक्षय, अजय देवगन और रणवीर सिंह एक साथ फिर से धमाकेदार एक्शन अवतार में लौटेंगे।

### श्रिया पिलगांवकर ने भी पूरी की फिल्म हैवान की शूटिंग

श्रिया पिलगांवकर ने भी हैवान की शूटिंग पूरी कर ली है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की। श्रिया ने निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिल्म के सेट से एक खास तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दोनों मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े दिख रही हैं, जिस पर फिल्म का नाम हैवान लिखा है। श्रिया ने लिखा... मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक सौभाग्य रहा, जिसका नेतृत्व निर्देशक प्रियदर्शन ने किया।



## धर्म के लिए संयम और तप को भी अपनाना चाहिए-पू.प्रशममति माताजी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस.)**। पूज्य आर्यिका प्रशममती माता जी व पूज्य आर्यिका उपशममति माता जी ससंघ का चादंजीकी खेडी मे भव्य मगंल प्रवेश हुआ।सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा बडी संख्या में आर्यिका संघ की अगवानी कर स्वागत किया।पूज्य प्रशममति माता जी ने मगंल प्रवचन के दौरान कहा कि अहिंसा,संयम और तप को धर्म कहते हैं।आज धर्म की परिभाषा केवल भक्ति को ही बना रखा है।किन्तु जीवन में धर्म के लिए संयम और तप को भी अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन निर्मल कुमार राहुल कुमार काला परिवार ने किया।माताजी को शास्त्र भेंट सुजानमल जितेंद्र कुमार पाटनी परिवार ने भेंट किया।इस अवसर तपोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी बिजौलियां व सलावटिया के जैन समाज ने आर्यिका संघ को श्री फल भेंट किया। कार्यक्रम में डाबी,झातंला बोराव,थडोद , लाम्बा खोह ,कोटा, सलावटिया ,आरोली,छोटी बिजौलियां ,सिगोंली व बिजौलियां के श्रावक-श्राविकाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। शुक्रवार को शोभायात्रा के साथ आर्यिका सघं का तपोदय तीर्थ क्षेत्र बिजौलियां में भव्य मंगल प्रवेश होगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर अभिभावक कार्यकर्ता बैठक का किया आयोजन



जयपुर टाईम्स

**चाकसू:-(निस.)** महिला एवं बाल विकास विभाग की और से प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अभिभावक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रारंभ फाउंडेशन द्वारा बाड़ापदमपुरा सेक्टर के मानपुर डूंगरी आंगनबाड़ी केंद्र पर अभिभावक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हंसा गुर्जर ने आए हुए सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा आज की बैठक के एजेंडे से अवगत करवाया।प्रारंभ फाउंडेशन से रेखा दोराता ने अभिभावक को स्वच्छता का महत्व एवं अच्छी आदतों के बारे में विस्तार से बताया अभिभावकों को जानकारी दी गई। बताया कि प्रतिदिन बच्चों को साफ सफाई से रखें समय-समय पर उनके नाखून काटे प्रतिदिन बच्चों को समय पर आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजें। इसके साथ ही अभिभावकों को शालापूर्व शिक्षा से संबंधित जानकारी दी गई उन्हें बताया गया कि इस सप्ताह यातायात थीम पर काम करवाया जा रहा है अतः आप भी बच्चों को घर पर यातायात के साधनों के बारे में बताएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हंसा गुर्जर ने हाथ धुलाई कविता के माध्यम से सफाई के महत्व के बारे में बताया इस अवसर पर प्रारंभ फाउंडेशन से पिंकी मीणा और समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा फायरिंग रेंज का पट्टा

### जिला कलक्टर द्वारा फायरिंग रेंज के लिए कुचामन मे किया गया है 125 बीघा भूमि काआवंटन

जयपुर टाइम्स

**डीडवाना-कुचामन,(निस.)** जिला कलक्टर डॉ.महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिले में महत्वपूर्ण एवं बुनियादी राजकीय कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन के साथ ही पट्टे जारी करने का कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर ने गुरुवार को कुचामन में (फायरिंग रेंज) के लिए पुलिस विभाग को आवंटित भूमि का पट्टा जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर को प्रदान किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ खड़गावत के निर्देश पर जिले में शस्त्र प्रशिक्षण (फायरिंग रेंज) के लिए कुचामन तहसील के ग्राम काकोट में 20.00 हैक्टेयर (125 बीघा)भूमि का आवंटन किया गया था, जिसके बाद जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही कर फायरिंग रेंज का पट्टा जिला पुलिस अधीक्षक को प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर किये जा रहे भूमि आवंटन व पट्टा जारी करने के कार्य से ना केवल राजकीय कार्यालयों के भवन निर्माण का कार्य शीघ्रता से होगा साथ ही जनसुविधाओं के विकास में भी तेजी आयेगी।



## विशेष गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**पाली,(निस.)** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा के भाग संख्या 212 के बूथ लेवल अधिकारी सुमेर सिंह को उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर-2026 में परिगणना प्रपत्र के शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी सुमेरपुर कालूराम कुम्हार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेंद्र राणावत, तहसीलदार निर्वाचन रेखा देवी और सुरेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे।

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी बाड़ी ने दिया एसआईआर के कार्यो का प्रजेन्टेशन

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की वर्चुअल माध्यम से जिले के एसआईआर कार्य की सराहना



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,(निस.)** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 4 नवम्बर से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के कार्य की प्रगति समीक्षा मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वर्चुअल माध्यम से बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित कर मतदाताओं की जानकारी भरवाकर उनको डिजिटाईजेशन कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रदेश में टॉप 10 में शामिल हुए 77-बसेड़ी विधानसभा एवं 78-बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों से रूबरू होकर किए गए कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी भगवत शरण त्यागी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वर्चुअल माध्यम से बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में विभागीय निर्देशों की पालना में एसआईआर के कार्य को प्रारंभ से ही गंभीरता से लिया गया। एसआइआर नोटिफिकेशन से पहले ही बीएलओ को इस कार्य के प्रति सक्रिय रखा हुआ था तथा कार्यालय से इन्हें वांछित सहयोग प्रदान किया जाता रहा जैसा कि हमारी मैपिंग 76.92 एवं 74.85 प्रतिशत हो चुकी है। इससे बीएलओ कार्य व प्रक्रिया से भली भाँति अवगत कराया। बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को एसआइआर प्रशिक्षण में अधिकतम समय स्वयं भी उपस्थित रहकर एसआइआर एवं निवार्चन संबंधी कार्यों की प्रक्रिया एवं गंभीरता के बारे में अवगत कराया गया। प्रयास किया गया कि इनके प्रत्येक शंका का समाधान किया जाएं। ईएफ प्रिन्ट हो कर आने के पश्चात इनका बीएलओ को वितरण करने में अनावश्यक समय व्यतीत नहीं किया गया। एईआरओ के निर्देशन में सुपरवाईजर्स के जरिये बीएलओ को अविलम्ब ईएफ प्रदान कर उसी दिन फील्ड में रवाना किया और इनके वितरण के पर्यवेक्षण के लिए हम ईआरओ, एईआरओ फील्ड विजिट करते हुए इन्हें गाईड और मोटिवेट करते रहे। सुपरवाईजर्स की भी बैठक लेकर उन्हें वितरण में न्यून प्रगति वाले बीएलओ की मॉनिटरिंग व हेल्प के लिए निर्देशित किया। सुपरवाईजर को निर्देशित किया कि वे अपने बीएलओ के कार्य की दिन में एक बार प्रगति संकलित कर कार्यालय के ग्रुप पर सेन्ड करेंगे। इससे सुपरवाईजर्स की सक्रियता और बीएलओ पर पकड़ मजबूत बनी। नगर पालिका एवं ग्रामीण क्षेत्र में दक्ष कार्मिकों की हेल्प डेस्क टीम गठित कर दी जिससे कि शहरी क्षेत्र के बीएलओ किसी भी हेल्प के लिए अथवा फॉर्म डिजिटाइज्ड में इनका सहयोग ले सके। एसआईआर की गंभीरता को देखते हुए शुरू से ही जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मीडिया कवरेज पर भी ध्यान दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अच्छा कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसआईआर के कार्य में लगाए गए सभी कार्मिकों द्वारा किए गए सहयोग से ही जिला टॉप 10 में शामिल हुआ है। इसी लगन एवं मेहनत से एसआईआर के कार्य को करते हुए इसको सफल बनाए।

## फुलेरा सेवा केंद्र में बड़ी दीदी की आठवीं पुण्य स्मृति पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### चिकित्सकों ने याद किए दिव्य स्नेह और सेवा के अविस्मरणीय क्षण ‘



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निस.)** कस्बे के मिश्र कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम पर परम् वंदनीय बडी दीदी की आठवीं पुण्य स्मृति दिवस पर वातावरण श्रद्धा, संवेदना और दिव्यता से भर उठा। इस अवसर पर दो विशेष अतिथि जयपुर के गुर्दा-शोधन विभाग (डायलिसिस विभाग) के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र तथा उनके सहयोगी भाई अनिल सेवा केंद्र पहुंचे, जिनका आगमन मानो दो देवदूतों का आगमन प्रतीत हुआ। दिवंगत मीरा दीदी को स्मरण करते हुए डॉ. राजेंद्र भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, ‘मैंने अपने चिकित्सकीय जीवन में अनगिनत रोगियों की सेवा की है, परंतु मीरा दीदी जैसी दिव्य आत्मा से मिलना मेरे लिए सौभाग्य से भी बढ़कर है। वे पीड़ा में भी इतनी शांति और धैर्य धारण करती थीं कि उन्हें देखकर जीवन का अर्थ बदल जाता था। उनके चेहरे पर सदैव रहने वाली अलौकिक मुस्कान न केवल उनका साहस थी, बल्कि हमारे लिए प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत भी। ‘उन्होंने आगे कहा कि मीरा दीदी के दर्शन मात्र से कई बार दिनभर की थकान पलभर में मिट जाती थी, और उनके शब्दों में समाई पवित्रता हर किसी को भीतर तक छू जाती थी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी दीदी के सेवा, संकल्प,त्याग और आध्यात्मिक जीवन को बड़ी आत्मीयता से याद किया गया। पुण्य स्मृति दिवस पर सेवा केंद्र की वर्तमान सेवा संचालिका बी.के. रेखा दीदी, तथा बी.के. परिवार के अनेक भाई-बहन श्रद्धा, प्रेम और भावना संग उपस्थित रहे। पूरा वातावरण एक ही भाव से गूंज उठा ओर सभी ने एक स्वर मे कहा कि ‘दीदी की यादें आज भी हमारे भीतर प्रकाश बनकर जीवित हैं। ‘

## उपजिला अस्पताल में मरीजों को मिल रहा है निशुल्क जांच का फायदा

### सरकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को मिला बड़ा सहारा



जयपुर टाईम्स

**चाकसू:-(निस.)** चाकसू कस्बे स्थित उपजिला अस्पताल में उपचार के लिए दूर-दराज़ से आने वाले मरीजों को सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का बड़ा लाभ मिल रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके परिजनों ने बताया कि मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत उन्हें इलाज और जांच दोनों बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली है।मरीजों ने बताया कि पहले उन्हें बाहर निजी लैबों में महंगी जांचें करवानी पड़ती थीं, जिसका खर्च वहन करना मुश्किल हो जाता था। लेकिन अब, सरकारी अस्पताल में लगभग 55 प्रकार की जांचें पूरी तरह निःशुल्क होने से इलाज करवाना आसान हो गया है। इसके अलावा मरीजों ने यह भी बताया कि अस्पताल में उन्हें योजनाओं की जानकारी देने के लिए उप जिला अस्पताल के कर्मचारियो के द्वारा उचित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।अस्पताल मे आये कई मरीजों के परिजनों ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत भी उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है। पहले महंगे इलाज और दवाइयों के कारण लोग समय पर चिकित्सकीय परामर्श से दूर रहते थे, लेकिन अब सरकारी योजनाओं के चलते आमजन समय पर उपचार प्राप्त कर पा रहा है। लोगों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने ग्रामीण और निर्धन वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाया है। उप जिला अस्पताल में बढ़ती सुविधाओं और सुधारों से संतुष्ट नजर आए। उप जिला अस्पताल पीएमओ डॉक्टर संजय मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की उप जिला अस्पताल चाकसू मे डायलिसिस के मरीजों की अब तक 300 मरीजों की डायलिसिस हो चुकी है। मिशन मधुहारी के तहत मधुमेह रोग के बच्चो को फ्री इलाज दिया जा रहा है

## सांभरलेक थाना पुलिस को बड़ी सफलता, 3 व 10 वर्ष से फरार दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**सांभर लेक(निस.)** सांभर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इनमें से एक आरोपी 3 वर्ष से और दूसरा 10 वर्ष से फरार चल रहा था। दोनों के खिलाफ अलग-अलग मामलों में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंट जारी थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनिवास मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी निगरानी, गुप्त सूचना और सटीक रणनीति तैयार कर दोनों आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी और मौका मिलते ही दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पहला आरोपी मुकेश उर्फ गणपत (उम्र 25 वर्ष), पुत्र सुलालाल, जाति बावरिया, निवासी लाल पीर की डूगरी, सांभरलेक है, जो पिछले 3 वर्ष से स्थायी वारंटी के रूप में फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उसकी आवाजाही और ठिकानों की जानकारी जुटाकर उसे धर दबोचा। दूसरा आरोपी रामध्यान कुमावत (उम्र 45 वर्ष), पुत्र रामसरण, निवासी शिवाजी मोड, गोविंदगढ़, थाना सांभरलेक है। वह 10 वर्ष पूर्व दर्ज एक प्रकरण में जारी गिरफ्तारी वारंट से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके बार-बार स्थान परिवर्तन और पहचान छिपाने की कोशिशों के बावजूद तकनीकी विश्लेषण के जरिए लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनिवास मीणा, एएसआई सत्यनारायण, हेडकांस्टेबल महेश कुमार, रोशनलाल, ओमप्रकाश, श्यामलाल, राजेश, महेंद्र कुमार और जनार्दन सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस प्रशासन का कहना है कि लंबे समय से फरार चल रहे इन अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेंगे।

## राजकीय शाकम्भरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति रैली के साथ दूसरे एक दिवसीय शिविर की शुरुआत




जयपुर टाइम्स

**सांभर लेक(निस.)**। राजकीय शाकम्भरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दूसरे एक दिवसीय शिविर की शुरुआत नशा मुक्ति रैली के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद अनवर कुरैशी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर एनएसएस द्वारा गोद ली गई बस्तियों, सांभर बाजार, पांच बत्ती चौराहा और सांभर साल्ट क्षेत्र से होती हुई वापस महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना और युवाओं को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। रैली के दौरान पांच बत्ती चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ नाटक ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कलाकारों ने नशे के दुष्प्रभाव, परिवार पर पड़ने वाले नकारात्मक असर और नशा छोड़ने के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में दर्शाया गया कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं और युवा वर्ग ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता मीणा ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की सही जानकारी देकर ही समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शशि कुमावत ने रैली के माध्यम से लोगों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की प्रेरणा दी। रैली का समापन महाविद्यालय मुख्य द्वार पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमदत्त परेवा ने प्रस्तुत किया।

## एसआईआर कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 4 बीएलओ हुए सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर,(निस.)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा जिले के 78-विधानसभा क्षेत्र बाड़ी के 4 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ की अवधि में ही मतदाताओं के परिगणना प्रपत्रों को शतप्रतिशत डिजिटाइज कर राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उल्लेखनीय योगदान करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त कार्मिक राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में कई बीएलओ द्वारा ईएफ वितरण और डिजिटाइजेशन में शत-प्रतिशत कार्य करने पर उनको सम्मानित किया गया है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने 78-बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 247 के की बीएलओ दुर्ग सिंह, भाग संख्या 153 के बीएलओ रवि कुमार, भाग संख्या 22 के बीएलओ दिनेश कुमार एवं भाग संख्या 9 के बीएलओ प्रमोद कुमार को सम्मानित और प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीएलओ से आह्वान किया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्य बीएलओ का उक्त कार्यों में सहयोग करें। सभी मिलकर कार्य करेंगे तो जिले में एसआईआर कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 1 लाख 35 हजार 418, 78-बाड़ी में 1 लाख 65 हजार 299, 79-धौलपुर में 1 लाख 16 हजार 66 तथा 80-राजाखेड़ा में 1 लाख 2 हजार 446 कुल 5 लाख 19 हजार 229 ईएफ 56.57 प्रतिशत को डिजिटाईड किया गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी भगवत शरण त्यागी, कर्मवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

### रैली निकाल कर दिया तंबाकू छोड़ने का संदेश

**धौलपुर** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में छात्राओं ने तंबाकू निषेध जागरूकता रैली निकाल कर आमजन को तंबाकू उत्पादों का प्रयोग ना करने हेतु जागरूक किया। रैली को उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली जिला अस्पताल से निकलकर नगर के मुख्य सड़क से गुजरते हुए टाउन चौकी से होते हुए वापस जिला अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुई।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/26769-84 निविदा सूचना / 2025-26 Date: 20.11.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु0 ) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Remaining work of Construction of Seweragr Treatment Plant at Medical College, Chittorgarh. UBN- RRC 2526 WSOB 00919 | 56.67 Lakh | अल्पकालीन ई-507/ 25-26 |
| Additional Civil and Sanitary work at College of Agriculture, Ummaidganj, Kota. UBN- RRC2526WSOB00920 | 44.20 Lakh | |
| Urgent Repairing work of Nagarjun at M.D.S. University, Ajmer. UBN- RRC2526WSOB00921 | 38.46 Lakh | |
| Immediate Restoration work in Ganeti Village on Dudu-Chhan BOT Road. UBN- RRC2526WSOB00922 | 33.89 Lakh | अल्पकालीन ई-509/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

## भजनलाल सरकार में एक और उपलब्धि, कोटा की बेटी अरुंधति ने बॉक्सर में वर्ल्ड कप स्वर्ण पदक जीता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार खेल और खिलाड़ियों के समुचित विकास के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है इसके लिए विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए भजनलाल सरकार नए तरीकों और नए प्रयोगों के माध्यम से प्रदेश में खेलों का और खिलाड़ियों का एक बहुत ही शानदार माहौल बनाने में निरंतर सफल होती हुई दिख रही है इसी का परिणाम है कि गुरुवार को कोटा की बेटी अरुंधति चौधरी ने वर्ल्ड कप बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है अरुंधति चौधरी ने बॉक्सिंग की 72 किलोग्राम प्रतियोगिता में फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को पटकनी दी और यह स्वर्ण पदक अपनी और भारत की झोली में डाला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटी का यह जलवा अपने आप में खेल की दुनिया में एक बड़ा कारनामा है इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने अरुंधति चौधरी की इस उपलब्धि पर उन्हें शाबाशी और बधाई दी है जानकारी के अनुसार फाइनल तक के इस सफर में अरुंधति चौधरी ने दुनिया की कई बड़ी बक्सर खिलाड़ियों को हराया और फाइनल में भी उनका मुकाबला उज़्बेकिस्तान की एक मजबूत खिलाड़ी के साथ था लेकिन राजस्थान की लाडली अरुंधति ने हौसला और जज्बा दिखाते हुए फाइनल में उज़्बेकिस्तान की प्लेयर को हराकर दुनिया को यह दिखा दिया कि राजस्थान अब खेल की दुनिया में पीछे नहीं रहेगा और इसमें महिलाएं अपने दम और हौसले पर आने वाले दिनों में अन्य खेलों में भी इसी तरह से श्रेष्ठ प्रदर्शन करके राजस्थान का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे ।



## महिला कांग्रेस की बैठक में महिला सशक्तिकरण पर जोर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार जयपुर शहर महिला कांग्रेस की बैठक का आयोजन वार्ड नंबर 4, नाई की थड़ी, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयपुर शहर महिला कांग्रेस महासचिव आरजू बानो के नेतृत्व में हुआ। बैठक की मुख्य अतिथि भगवती गुर्जर और जयपुर शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू लता मीणा रहीं। कार्यक्रम में जयपुर शहर महिला कांग्रेस प्रभारी भगवती गुर्जर और अध्यक्ष मंजू लता मीणा ने महिला कांग्रेस की नीतियों, उद्देश्यों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि महिला कांग्रेस लगातार महिलाओं में सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं को ऐसे सक्षम बनाना जरूरी है कि वे अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकें। इसके लिए शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं, सुरक्षा और सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है। बैठक में वक्ताओं ने माना कि लैंगिक भेदभाव को जड़ से खत्म किए बिना सच्चे अर्थों में प्रगति संभव नहीं है। महिला कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना है, ताकि वे समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर सकें। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ें, उन्हें सरकार की नीतियों, महिला अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दें तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन हुआ और आगामी दिनों में वार्ड स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

## राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 'अन्न बचाओ-समृद्धि लाओ' विषयक सेमिनार आयोजित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(कासं.)।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झुंझुनूं में गुरुवार को विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियों के अंतर्गत 'अन्न बचाओ-समृद्धि लाओ' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी डॉ. पितराम गोदारा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल जांगिड ने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय के 180 विद्यार्थी एवं प्रवक्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने अन्न का सम्मान करने, जूठा भोजन न छोड़ने तथा अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने की शपथ ग्रहण की। डॉ. गोदारा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में फास्ट फूड संस्कृति, विवाह समारोहों व विभिन्न आयोजनों में भोजन की बर्बादी एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि यूएन रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 20 करोड़ लोग भूख से प्रभावित होते हैं, ऐसे में भोजन की बर्बादी अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने विक्रम संवत 1956 के अकाल से लेकर वर्तमान समय में अनाज की गुणवत्ता, भंडारण, संरक्षण तथा भविष्य में संभावित खाद्यान्न संकट पर अपनी शोध व अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। साथ ही युवाओं से अपील की कि वे जागरूकता फैलाकर अन्न के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाएं।

# कांग्रेस को सता रही रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की चिंता : परनामी

### प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के पास नहीं छोड़ा कोई मुद्दा, बेवजह जनता को भ्रमित कर रही है है कांग्रेस

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और अनावश्यक विरोध पर तिखी प्रतिक्रिया दी। परनामी ने कहा कि कांग्रेस लगातार बुरी तरह हारती जा रही है, फिर चाहे हरियाणा हो महाराष्ट्र हो दिल्ली हो या फिर बिहार चुनाव। कांग्रेस का जनाधार लगातार बुरी तरह गिरता जा रहा है। कांग्रेस पहले ईवीएम पर राग अलापती थी, सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्टीकरण के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने ईवीएम को छोडकर अब एसआईआर पर राग अलापना शुरू कर दिया। हार के बाद कांग्रेसी नेता घबरा गए है उन्हें उनके बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपेठियों की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा कि केवल विरोध करना, आंदोलन करना विपक्ष का काम नहीं है। विपक्ष को विकास के लिए आंदोलन करना चाहिए, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं छोड़ा। ऐसे में मुद्दा विहीन कांग्रेस बेवजह जनता को भ्रमित करने का कामकर रही है भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को आंदोलन करने की बजाए बिहार चुनाव में बुरी तरह हार की समीक्षा करनी चाहिए। जनता कांग्रेस के साथ नहीं, मोदी के साथ है, यह समझना चाहिए। राजधानी जयपुर में युवा कांग्रेस का तथाकथित आंदोलन महज चंद मिनटों में समाप्त हो गया और फ्लोप शो शाबित हुआ। यह बताता है कि देश की जनता युवा अब कांग्रेस के साथ नहीं है, ना ही कांग्रेस के बहकावे में आनी वाली है। परनामी ने एसआईआर को लेकर कहा कि एसआईआर का उद्देश्य केवल और केवल मुक्त निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक शुद्ध बनाने के लिए चलाई जा रही है जिसके तहत मृतकों, प्रवासियों, गलत पते वालों और दोहरी प्रविष्टियों को हटाया जाता है ताकि केवल पात्र मतदाता ही सूची में रह सकें। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने आरोप लगाया कि एसआईआर से कांग्रेस को जो भय सता रहा है वह नाम जुड़ने का नहीं, बल्कि कांग्रेस के फर्जी वोटरों के नाम कटने का है। कांग्रेस को पहले एसआईआर को पढ़ना और समझना चाहिए। एसआईआर से होने वाले नफा नुकसान को समझना चाहिए लेकिन कांग्रेस अपने नुकसान की चिंता कर रही है। एसआईआर अयोग्य मतदाताओं को हटाने और बढ़ती अनियमितताओं पर रोक लगाने का एक सशक्त माध्यम है। परनामी ने कहा कि भारत का चुनावी तंत्र दुनिया का सबसे पारदर्शी तंत्र है और भारत की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है। एसआईआर जैसे कदम इस विश्वास को और सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग करें ताकि मतदाता सूची और अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बने और भारत का लोकतंत्र और मजबूत हो। अशोक परनामी ने कहा कि अशोक गहलोत भजनलाल सरकार के दो वर्षों के विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे है। आज डबल इंजन सरकार राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और आने वाले तीन सालों में विकसित राजस्थान के लिए आयाम स्थापित किए जाएंगे। गहलोत के कार्यकाल में पेपरलीक हुए युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ जबकि भजनलाल सरकार के 2 साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। गहलोत 5 साल तक ईआरसीपी पर कुंडली मारकर बैठे रहे जबकि भजनलाल शर्मा ने इस अमृत योजना को धरातल पर उतारने का काम किया। भजनलाल सरकार ने राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए और करीबन 7 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारे जबकि गहलोत ने निवेश के नाम पर जनता से धोखा किया। गहलोत पूरे 5 साल अपने ही लोगों से सरकार बचाने में लगे रहे जबकि जनता की सेवा विकास कार्यों को उन्होंने नजर अंदाज किया। गहलोत भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे हुए और होटलों से सरकार चलाते रहे। अब भजनलाल शर्मा सरकार के जनकल्याण, जनहितैषी कार्यों को गहलोत पचा नहीं पा रहे है। प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक और भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची उपस्थित रहे।

## शहीद स्मारक पर पुलिस और युवक कांग्रेस के बीच हिंसक झड़प, पुलिस ने कई नेताओं को लिया हिरासत में



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कानून व्यवस्था फसल खराबी के मुआवजे की मांग वोट चोरी इत्यादि विषयों को लेकर गुरुवार को शहीद स्मारक पर प्रदेश युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सहित स्मारक पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया और युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु के नेतृत्व में गुरुवार को शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास की ओर युवक कांग्रेस की ओर से पैदल मार्च निकल जाना प्रस्तावित था इसी क्रम में गुरुवार को बड़ी संख्या में सहित स्मारक पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता एकत्रित हुए यहां पर पुलिस ने पहले से ही युवक कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हुए थे इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था जिसकी वजह से पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया था पुलिस ने युवक कांग्रेस के पैदल मार्च को देखते हुए शहीद स्मारक पर बैरिकेट्स लगाकर पहले ही प्रदर्शनकारियों को रोकने की पूरी व्यवस्था कर ली थी लेकिन इसके बावजूद युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास की ओर पैदल मार्च के लिए रवाना हुए जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता पुलिस की ओर से स्थापित की गई बैरिकेट्स पर चढ़ गए और बैरिकेट्स को क्रॉस करके आगे जाने की तैयारी करने लगे इस बीच वहांतैनात पुलिस के जवानों और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक धक्का मुक्की होती रही हल्की-फुल्की हिंसक झड़प के बीच प्रदर्शनकारी की बड़ी भीड़ को देखते हुए और उनके उग्र रूप को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तीतर भीतर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया लेकिन इसके बावजूद भी प्रदर्शनकारी और पुलिस के बीच मौके पर टकराव के हालात बन रहे हालांकि वाटर कैनन की वजह से प्रदर्शनकारी तीतर भीतर हो गए ।लेकिन वाटर कैनन कार्रवाई के बंद होते ही प्रदर्शनकारी फिर से सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करने लगे पुलिस ने उन्हें रोकने की फिर कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे युवक कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को पकड़ लिया प्रदर्शनकारियों कि घर पकड़ में कई प्रदर्शनकारियों के कपड़े भी फट गए पुलिस ने इस मामले में कई युवक कांग्रेस के नेताओं को जबरन गाड़ी में बिठाया और उन्हें हिरासत में लिया इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि चाहे पुलिस उन पर कितना ही अत्याचार करें जनता की आवाज उठाते रहेंगे । भजनलाल सरकार युवाओं की आवाज को शुरू से ही दबाने का कार्य कर रही है पुलिस की लाठियां निर्दोष युवाओं पर बरसाई जा रही है निर्दोष युवाओं पर मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं लेकिन युवक कांग्रेस प्रदेश की जनता की आवाज सड़कों पर उठाती रहेगी चाहे प्रदेश की भजनलाल सरकार उन्हें कितनी बार कितनी बार भी जेल भेजें।

## सरकार के मंत्री सुरेश सिंह रावत के सरकारी आवास में घुसा लेपर्ड, 3 घंटे तक दहशत छाई रही

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की जल संसाधन राज्य मंत्री सुरेश सिंह रावत के जयपुर में सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर गुरुवार की सुबह लेपर्ड के घुस जाने की वजह से इलाके में करीब 3 घंटे तक लोगों में दहशत छाई रही सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज करके उसे काबू में किया और उसे वापस जयपुर के झालाना डूंगरी के जंगलों में भेज दिया लेकिन इस घटना के बाद एक बार फिर से वन विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है कुछ दिन पहले ही जयपुर के दुर्गापुर में जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा के घर के आसपास लेपर्ड घूमता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था और अब गुरुवार को जिस तरह से जयपुर के अति विशिष्ट सिविल लाइंस इलाके में लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया उसके बाद निश्चित रूप से यहां रहने वाले विशिष्ट जनों और उनके परिवार के लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई सिविल लाइंस इलाके में राज भवन मुख्यमंत्री आवास और कई मंत्रियों के सरकारी बंगले हैं जहां पर बड़ी संख्या में लोग रोजाना अपनी शिकायत लेकर भी मंत्रियों के बंगले पर आते रहते हैं लेकिन लेपर्ड के इस मूवमेंट ने यहां रहने वाले लोगों के लिए अब एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है अब यहां के लोगों को हर पल यही चिंता सता रही है कि कहीं फिर से दोबारा कोई लेपर्ड किसी बंगले में ना घुस जाए। जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस स्थित जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के बंगले पर सुबह 8.36 बजे सीसीटीवी कैमरे में एक लेपर्ड का मूवमेंट नजर आया इसके बाद बंगले में तैनात सुरक्षा के जवानों और स्टाफ के लोगों में घबराहट छा गई तुरंत वन विभाग को सूचित किया गया हालांकि सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फिर लेपर्ड को ढूंढने के प्रयास शुरू किए गए जब तक लेपर्ड वन विभाग की टीम की निगाहों में नहीं आया तब तक यहां आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में घबराहट छाई रही बाद में लेपर्ड के मोमेंट का पता चलने पर वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज करके उसे अपने काबू में किया और फिर उसे वापस जंगल में भेज दिया वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार भूख और प्यास की वजह से झालाना और नाहरगढ़ की पहाड़ियों से लेपर्ड आवासीय बस्तियों में चले आते हैं हालांकि जंगलों में तारबंदी भी की गई है लेकिन इसके बावजूद भी कहीं ना कहीं से रास्ता बनाकर लेपर्ड जंगल से निकलकर आवासीय बस्तियों की ओर अपना रुख कर लेते हैं ।

# दिल्ली में बंद कमरे में वेणुगोपाल की गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली से गंभीर मंत्रणा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली से बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत की इन तीनों नेताओं के बीच दिल्ली में बंद कमरे में यह जो बातचीत हुई है उसके बाद कांग्रेस के गलियारों में इस मुलाकात को लेकर कई तरह की चर्चाओं के दौर भी शुरू हो गए हैं हालांकि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के नेता इस बैठक को महज औपचारिक बैठक बता रहे हैं, लेकिन राजनीति के जानकार लोग इस बैठक को वर्तमान परिपेक्ष में काफी महत्वपूर्ण बता रहे हैं हालांकि बैठक में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य राहुल गांधी के वोट चोरी के मुद्दे को और गंभीरता से जनता के बीच लेकर जाने तथा राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के संगठन को और मजबूती देने जैसे विषयों पर चर्चा होने की बात कहीं जा रही है, लेकिन कहा जा रहा है कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को जीत मिलने के बाद पार्टी के दिल्ली दरबार में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली इन दोनों नेताओं का कद और बढ़ गया है इसलिए बंद कमरे में वेणुगोपाल से हुई इस मुलाकात के बड़े राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को जीत मिलने के बाद दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के नेता राजस्थान में कांग्रेस कांग्रेस पार्टी में हो रहे सुधार को लेकर खुश हैं और यह मान रहे हैं कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अगर इसी तरह से अपने काम को आगे बढ़ती रहेगी तो 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का अच्छा प्रदर्शन हो सकता है, इसलिए डोटासरा और टीकाराम जूली इन दोनों नेताओं के साथ वेणुगोपाल का चर्चा करना इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि डोटासरा और जूली दोनों ही नेता लगातार पार्टी के दिल्ली दरबार के काफी भरोसेमंद नेता होते जा रहे हैं और दोनों ही नेता दिल्ली दरबार में सम्मान भी हासिल करते हुए दिख रहे हों बिहार में कांग्रेस पार्टी की पराजय के बाद अशोक गहलोत को लेकर कहीं ना कहीं कांग्रेस हाई कमान खुद को अपसेट महसूस कर रहा है गहलोत एक बड़े लीडर हैं लंबे समय से गांधी परिवार के भरोसेमंद नेता रहे हैं राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में भी बड़ी भूमिका निभाई है इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस के भी कई बार अध्यक्ष रहे हैं राजस्थान की राजनीति के जादूगर माने जाते हैं लेकिन पिछले कुछ सालों से कांग्रेस के दिल्ली दरबार में इन्हें जिन-जिन राज्यों में चुनाव प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी दी वहां पर कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा इसलिए अब कहीं ना कहीं गहलोत को लेकर कांग्रेस के दिल्ली में बैठ बड़े नेता यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि गहलोत का किस तरह से आगे कांग्रेस पार्टी में उपयोग किया जाए ,लेकिन इस बीच डोटासरा और टीकाराम जूली यह दोनों ही नेता लगातार अपने अच्छे प्रदर्शन से दिल्ली दरबार को प्रभावित कर रहे हैं इसीलिए वेणुगोपाल ने दिल्ली में इन दोनों नेताओं से बंद कमरे में बातचीत करके इन्हें कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं जानकारी के अनुसार अंता विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतने वाले प्रमोद जैन भाया दिल्ली दौरे पर हैं दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं से आशीर्वाद भी लिया है गुरुवार को प्रमोद जैन भाया ने डोटासरा और टीकाराम जूली के साथ वेणुगोपाल से भी उनके कक्ष में मुलाकात की ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## विद्यालय में हॉल निर्माण के लिए दिए 6 लाख रूपये



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के गाँव कालवास निवासी एवं नोहर के पूर्व विधायक हाल जयपुर निवासी भामाशाह अशोक गोदारा ने शिक्षा उन्नयन की दिशा में सराहनीय योगदान करते हुए कालवास की महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नवीन हॉल निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की राशि प्रदान की है। सीबीईओ कार्यालय स्टाफ ने सीबीईओ बबलेश शर्मा के नेतृत्व में अशोक गोदारा का इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया एवं साफा व माला पहनाकर गोदारा का सम्मान किया। सीबीईओ शर्मा ने कहा कि उक्त राशि से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। विद्यालय स्टाफ ने गोदारा के इस सामाजिक दायित्व निभाने वाले कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। इस मोके पर एसीबीईओ भागचंद सोलंकी, आरपी रामनिवास धेतरवाल सहित शिक्षा विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

## विजेता उप विजेता टीम को सम्मानित किया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** लोकसभा प्रत्याशी एवं पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया के मुख्यतिथ्य व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में तारानगर के माँ जालपा देवी महा विद्यालय में सासंद खेल महोत्सव 2025 प्रतियोगिता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें 106 खिलाड़ियों ने कबड्डी, दौड़, रस्साकसी, बॉलीबॉल आदि पखेलों में भाग लिया। मुख्य अतिथि झाझड़िया ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मोके पर इस अवसर पर हंसराज पड़िहार, शिक्षक नेता वीर बहादुर सिंह राठौड़, साबिर हुसैन, रामावतार सैनी, हरी इन्दोरिया, सुनील भाकर, नरेश झाझड़िया, राकेश टाक, सीताराम प्रजापत, सुभाष सहारण, सेठी पेन्टर, मो समीर, नंदू पटीर, पुनीत राहड़, हेमंत व्यास, गुमानसिंह, विजय सोनी, वरूण चाहर, विनोद कुमार, रवि, गोपी प्रजापत सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सस्पेंड ई मित्र धारकों ने सौंपा एडीएम को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एसआईआर कार्य में कथित लापरवाही के कारण सस्पेंड किए गए 6 ई मित्र कियास्क धारकों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर ई मित्रों को बहाल करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त एडीएम को बताया गया कि उपखंड अधिकारी के आदेशों पर हम लोग लगातार एसआईआर का कार्य कर रहे हैं। जबकि ये कार्य बीएलओ का होता है। फिर भी हम लोग निर्वाचन कार्य की गंभीरता को समझते हुए लगातार सहयोग कर रहे हैं और 14 नवम्बर को दिए गए आदेशों की पालना में भी हम लोगों ने उपस्थित होकर कार्य किया है। इसके बावजूद भी हमें निलंबित किए जाने के कारण हमारे परिवार के जीविकोपार्जन पर विपरीत असर पड़ा है। अतः हमें तत्काल बहाल किया जावे। ज्ञापन सौंपते वक्त फिरोज खान, मेहुल शर्मा, रमेश जांगिड़, राकेश जांगिड़, मो. असरफ भूट्टा, मो. रज्जा आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सड़क हादसे में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। परावा सारोठिया मार्ग पर मोटरसाइकिल बोलेरो की जबरदस्त भिड़ंत में पारेवड़ा से खेजड़ी काट कर वापिस अपने गांव सारोठिया आ रहे मोटरसाइकिल सवार युवकों को सुजानगढ़ साइड से आ रही बोलेरो ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे 4 युवक गंभीर घायल हो गए। गंभीर घायलों मे ज्ञानाराम, हरिराम, मेघवाल, बाबूलाल, तिलोकाराम



निवासीगण निवासी सारोठिया को सांडवा अस्पताल ले जाया गया। वहाँ से स्थिति गंभीर होने के कारण सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भरत, राहुल और अन्य ने चारो को इमरजेंसी मे भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने ज्ञानाराम को मृत घोषित क़र दिया। हरिराम की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर क़र दिया गया। गुरुवार दिन में साण्डवा पुलिस के हेड कांस्टेबल कुंभारम बगड़िया अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# किसानों की ट्रैक्टर रैली की सफलता पर सांसद का अभिनंदन : मंडेलिया

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में चूरू के युवा लोकप्रिय सांसद राहुल कस्वां का अभिनन्दन व स्वागत कांग्रेसजनों द्वारा किया गया। पीसीसी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा कि चूरू लोकसभा क्षेत्र के किसानों की फसल बीमा योजना में लाभान्वित करवाने के राज्य व केन्द्र सरकार से समय समय पर इस मांग को गंभीरता से उठाते हुए और हाल ही में जिले मे ट्रेक्टर रेली का आगाज ही नही अंजाम तक पहुंचाने राजगढ से जयपुर की ओर कुच करते हुए हजारों समर्थकों के साथ ट्रक्टरों के माध्यम से रतनपुरा पहुंचने पर जिला प्रशासन ने अवरोधक लगाकर रोकने का प्रयास किया जिसको जिले की कांग्रेस नेताओं की और किसानों की एकजुटा से



उनके मनसुबो को सफल नही होने दिया और सरकार ने जिला प्रशासन के आला अधिकारी जिला कलक्टर और पुलिस अधिक्षक के माध्यम से वार्ता के लिए जयपुर आमंत्रित किया और वार्ता सफल रही। ये आंदोलन कोई छोटा आंदोलन नही था। सांसद ने इसकी रूप रेखा बडी बना रखी थी। इसको भांपते हुए जिला प्रशासन और राज्य सरकार वार्ता के लिए तैयार हुई और आने वाले दिनों में इसका परिणाम किसानों के हक में देखने को मिलेगा। अपने स्वागत भाषण में राहुल कस्वां ने संबोधित करते हुए कहा कि मै आंदोलन मे सामिल सभी नेताओं व किसानों का आभार व्यक्त करता हूॅ जिनको इस आंदोलन को सफल बनाने में अपना भरपुर सहयोग देकर इसको अंजाम तक पहुंचाया। यह जीत किसानों की जीत है। एआईसीसी रिहाना रियाज ने कहा कि युवा सांसद होने के साथ साथ राहुल कस्वां संघर्षशील और अनुभवी सांसद है। इनके अनुभव का लाभ पार्टी को समय समय पर मिलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, मोहनलाल आर्य, किसान नेता आदूराम न्यौल, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खां, कमला पुनियां, आशाराम सैनी, सुनिता कपुरिया, नारायण बालाण, हेमन्त सिहाग, असलम खां मोयल, हर्ष लाम्बा, शेर खां मलखाण, अली मोहम्मद भाटी, सुरेन्द्र ढण्ड, जगनाराम, शरीफ रतननगर, सोहनलाल मेघवाल, लिलाधर चुलेट, सुखाराम घिंटाला, लालाचंद सैनी, रामेश्वर प्रजापत, विधाधर मेघवाल, योगेश ढाका, दीपिका सोनी, ज्योती सिंह, बालीबाई, जयचंद मेघवाल, शिवकुमार शर्मा, सुरेश फोगावट अजीज खा, संजय भाटी, आरिफ रिसालदार, तोफिक खान, समीउल्लाह, जाफर खां, बाबूमंत्री, सलीम पीए, सोयल डीके, तारिख नागौरी, नौमान सयैद, विनोद खटीक, गोकुल शर्मा, अनीस खान, विश्वनाथ सैनी, सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव पर विजेताओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव पर अतिथियों ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रमों में छात्रों ने कला, विद्वत्ता और निष्ठा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 'कौन बनेगा वाचस्पति' प्रतियोगिता की प्रारम्भिक परीक्षाएं आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने शास्त्रीय ज्ञान, श्लोक-पाठ, एवं संस्कृत व्याकरण की सूक्ष्मताओं का प्रभावी प्रदर्शन किया।



इस मौके पर शिवताण्डव नृत्य की ओजस्वी प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहा। आश्रम के ब्रह्मचारियों ने बालकवि सम्मेलन कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और राष्ट्रभावना के विविध रंग उपस्थित जनसमूह के समक्ष उकेरे। दूसरे दिन प्रातकालीन सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और वेद मंत्रोच्चारण से किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्लोक वाचन, संस्कृत नाटिका, स्तोत्र-प्रस्तुति, संस्कृत भाषण आदि की प्रस्तुतियों ने छात्रों की विद्वत्ता व संस्कृत-प्रेम को उजागर किया। द्वितीय सत्र की शुरुआत आश्रम-गीत ने आश्रम की मर्यादा, अनुशासन और आध्यात्मिक जीवन के आदर्शों को प्रतिबिंबित किया। फिर दण्डी स्वामी महाराज ब्रह्मानंद सरस्वती ने ब्रह्मचर्य, संस्कृति-संरक्षण, शास्त्राध्ययन,वाक्चातुर्यता और जीवनदृअनुशासन के महत्व पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपलक्षण, सत्यान्वेषण एवं चरित्रदृनिर्माण की महत्ता को समझाते हुए ऋषि उपमन्यु और सत्यकाम जाबाल की कथाओं का वर्णन किया। इन कथाओं के माध्यम से उन्होंने सत्य, निष्ठा, धैर्य, गुरु-भक्ति, और आत्मबल जैसे जीवन-मूल्यों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से उपस्थित जनसमूह तक पहुँचाया। संध्या काल में सीताहरण नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर कौन बनेगा वाचस्पति' प्रतियोगिता में ब्रह्मचारी श्रवण सारस्वत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आश्रम का गौरव बढ़ाया। वार्षिकोत्सव का तिसरे दिन आध्यात्मिक सौम्यता और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण रहा। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मुदगर प्रदर्शन योग-नृत्य, पिरामिड प्रदर्शन, भक्त प्रह्लाद पर आधारित नाटिका आदि का मंचन किया गया। वार्षिकोत्सव के समापन पर ब्रह्मानंद सरस्वती ने विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आश्रम के प्राचार्य ईश्वर सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था के न्यासी, प्राचार्य, व्यवस्थापक, अतिथि, आचार्य, ब्रह्मचारी व अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## सिटी सेंटर मॉल, स्टेशन रोड चूरू में शुरू होगी आईसीएआई की ब्रांच



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और प्रैक्टिस कर रहे सीए को बेहतर शैक्षणिक और प्रोफेशनल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चुरू में अब द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की नई ब्रांच खोली जाएगी। इसके लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह ब्रांच रिज़नल काउंसिल के अधीन संचालित होगी और दूसरी मंजिल, सिटी सेंटर मॉल, स्टेशन रोड, चुरू में स्थापित की जाएगी। ब्रांच संबंधी कार्य जल्द शुरू होगा और तैयारियां पूरी होने के बाद छात्रों एवं सदस्यों के लिए सेवाएं प्रारंभ कर दी जायेगी। गजट अधिसूचना के अनुसार इस ब्रांच के तहत जिले के साथदृसाथ रतनगढ़, सुजानगढ़, बीदासर, राजगढ़, सरदारशहर और तारानगर क्षेत्रों को शामिल किया गया है। आईसीएआई ने ब्रांच के संचालन के लिए पहली समिति का गठन किया है। समिति में अध्यक्ष सीए विनोद कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए अजय कृष्ण हरित, सचिव सीए प्रतीक राजोतिया, कोषाध्यक्ष सीए मनोज भावनानी, अध्यक्ष समिति सीए मनोज कुमार प्रजापत, अध्यक्ष समिति सीए अरुण शर्मा आदि की नई समिति में चयन किया गया है। आईसीएआई ब्रांच में विद्यार्थियों एवं सीए सदस्यों के लिए आधुनिक सुविधाएं में लाइब्रेरी, स्टडी रूम सेमिनार हॉल आईटी एवं ओरियंटेशन क्लासेस प्रैक्टिस कर रहे सीए के लिए ट्रेनिंग एवं मीटिंग हॉल आदि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीए अजय कृष्ण हरित और सीए विनोद भार्गव ने किया। संचालन सीए मनोज भवनानी ने किया। चुरू जिले में हर वर्ष लगभग 100 विद्यार्थी सीए परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं। ऐसे में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सितंबर 2025 में उत्तीर्ण नए वरिष्ठ सदस्यों ने सीए लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सीए अभिषेक खेमका को मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन पर सीए प्रतीक राजोतिया ने सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रक्तदान शिविर में कैडेट्स ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** एनसीसी दिवस के उपलक्ष में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी चूरू तथा राज लोहिया महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप दहिया के नेतृत्व में एक मेगा रक्तदान शिविर



का आयोजन गुरुवार को 2 राज बटालियन एनसीसी मुख्यालय में किया गया। शिविर में 136 केडेट्स का तथा 11 एन सी सी अधिकारी तथा स्टाफ का पंजीकरण हुआ जिसमें से लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस अवसर पर इस रक्तदान केंप के प्रभारी कैप्टन डॉ हेमंत मंगल कैप्टन तथा अन्य एनसीसी अधिकारी डॉ सत्येंद्र शर्मा, लेफ्टिनेंट अरुण कुमार कैप्टन नवीन कुमार लेफ्टिनेंट बी एल नेहरा, फर्स्ट ऑफिसर दीपक कुमार, केयरटेकर कृष्ण धेरड तथा पी आई स्टाफ सूबेदार मेजर प्रेम तमांग, सूबेदार रमेश लांबा, सूबेदार अमित, सुबेदार रामाधार सिंह, हवलदार ओम प्रकाश, हवलदार संदीप, हवलदार कैलाश, बीरपाल, जयपाल सिंह ने सक्रीय भागीदारी निभायी एवं रक्तदान किया। इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कैप्टन डॉ हेमंत मंगल ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही स्वयं लगातार रक्त दान कर अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि इस कैंप में पूर्व केडेट्स पंकज, सरजीत, विक्रांत, योगेश, आशीष नेहरा तथा सचिन ने दूसरे शहरों से आकर रक्तदान किया। इस कैंप में बटालियन के विभिन्न संस्थानों ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर एडम ऑफीसर लेफ्टीनेंट कर्नल राजेश कुमार तथा कैप्टन डाक्टर सत्येन्द्र शर्मा ने रक्तदान शिविर के सफ़ल आयोजन के लिए सभी एन सी सी अधिकारीयों को तथा पी आई स्टाफ व केडेट्स को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पिकअप ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक के पास खड़े युवक की हुई मौत, पुलिस ने करवाया शव का पोस्टमार्टम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव रामसीसर भेड़वालिया के ढ़ाणी कालेरा मार्ग पर पिकअप ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक के पास खड़े युवक की मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने



पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतक बजरंग लाल पुत्र भूराराम जाट उम्र 20 साल निवासी रामसीसर भेड़वालिया के चाचा रामनिवास पूत्र राउराम जाट ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि मेरे भाई भूराराम व उसका पुत्र बजरंग लाल मोटरसाइकिल लेकर ढाणी कालेरा से गांव रामसीसर आ रहे थे कि बालाजी बुंगली कूंड के पास पहुंचे तो मेरे भाई भूराराम ने बाइक को सड़क किनारे रोककर लघुशंका करने चला गया और बजरंग लाल मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। तभी रामसीसर गांव की तरफ से आ रही एक पिकअप के चालक ने मोटरसाइकिल के पास खड़े बजरंग लाल के टक्कर मार दी। जिससे उसके गंभीर चोटे आई। तुरंत घायल बजरंग लाल को निजी वाहन के सहयोग से राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर आए। जहां पर डॉक्टर ने बजरंग लाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के आने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच शुरू कर दी।

## चंचल शर्मा ने पाई देशभर में 721 वीं रैंक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अधिवक्ता सुरेश कुमार शर्मा की पुत्री चंचल शर्मा ने एम्स के एंटरेंस एग्जाम में आल इंडिया स्तर पर 721 वीं रैंक हासिल की है। एडवोकेट सुरेश शर्मा ने बताया कि 98.79 पर्सेन्टाईल के साथ चंचल शर्मा ने उपलब्धि हासिल की है। 24 वर्षीय चंचल ने अपनी सफलता का श्रेय माता



श्यामादेवी, पिता सुरेश शर्मा की प्रेरणा को देते हुए कहा कि मैं आगे चलकर इमरजेंसी सेवाओं में चिकित्सक के रूप में सेवाएं देना चाहती हूं, ताकि पीड़ित मानवता, घायलों की मदद की जा सके। वहीं चंचल की इस उपलब्धि पर भंवरी देवी, बनवारीलाल शर्मा, श्यामादेवी, प्रीतेश भारद्वाज, नीतेश भारद्वाज, कार्तिक शर्मा, एडवोकेट प्रदीप कठातला आदि ने खुशी जाहिर करते हुए चंचल को बधाई दी है।

## पंचायत समिति की साधारण सभा आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति की साधारण सभा शुक्रवार को दिन में पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी। विकास अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि प्रधान मनभरी देवी मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित समस्त विभागों की योजनाओं के बारे में समीक्षा और आम जन की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

## पंचायत समिति के सहायक अभियंता को भेजा कृषि विभाग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति में कार्यरत रहे सहायक अभियंता जुगलकिशोर जाटोलिया को उनके मूल विभाग भेज दिया गया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के उपायुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव द्वितीय रामनारायण बड़गुजर द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि सहायक अभियंता की सेवाएं पैतृक कृषि विभाग को लौटाई जा रही हैं और वे अब अपनी उपस्थिति अपने पैतृक विभाग आयुक्त, कृषि राजस्थान, जयपुर के कार्यालय में देंगे, अन्यथा राज्य आदेशों की अवहेलना समझी जावेगी। आपको बता दें कि हाल ही में सहायक अभियंता के साथ कथित रूप से मारपीट की घटना सामने आने के बाद विवाद हुआ था।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 1693-1705 दिनांक 14.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http// eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 24-11-2025 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 71/2025-26 | PHE2526GSOB08574 |
| 2 | 72/2025-26 | PHE2526GSOB08575 |
| 3 | 73/2025-26 | PHE2526GSOB08576 |
| 4 | 74/2025-26 | PHE2526GSOB08577 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/17041/2025

**Excentive Engineer,**
**PHED Division Taranagar**
**Contact- 98871-81073**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक :- 4391-4405 दिनांक:- 13/11/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या: 43/ 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A4323

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB16842 | 2. | PWD2526WSOB16843 |
| 3 | PWD2526WSOB16844 | 4 | PWD2526WSOB16845 |
| 5 | PWD2526WSOB16846 | 6 | PWD2526WSOB16847 |
| 7 | PWD2526WSOB16848 | 8 | PWD2526WSOB16849 |

DIPR/C/16964/2025

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस व महिला बाल सुरक्षा एवं सरंक्षण समिति ने जागरूक अभियान

### चैयरमेन सुमित वर्मा के तत्वाधान में पिछले कई दिनों से चल रहा जागरूक अभियान




जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ घूमचक्कर सर्किल पर नवलगढ़ पुलिस प्रशासन व सुरक्षा एवं सरंक्षण समिति के द्वारा यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। साथ ही यातायात नियमों की पालना के लिए भी बताया। वाहन चालक को बुक व पम्पलेट के जरिए नियमों की जानकारी दी गई। नवलगढ़ पुलिस एस आई संतोष ने बताया वाहन चालक को वाहन चलाते समय हैल्मेट, सीटबेल्ट, वाहन की गति, पर्यावरण प्रदुषण, अनेक बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। जिसके कारण हादसों से बचा जा सके और दुर्धटना से प्रभावित ना हों आप सुरक्षित तों परिवार सुरक्षित। सड़क पर आने-जाने वाहन चालक को रोककर जागरूक किया गया। अभियान के चलतें नवलगढ़ पुलिस एस आई संतोष, यातायात पुलिस प्रकाश , कांस्टेबल रामजीलाल,हेंड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कांस्टेबल रणबीर,समाज सेवी अशोक सैनी व आमजन शामिल हुए।

## विधायक विक्रम सिंह जाखल के जन्मदिवस के मौके पर नवलगढ़ विधानसभा में जगह-जगह मनाया गया

### जन्मदिन में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को पोंधे भेंट किए वृक्ष मित्र श्रवण कुमार



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में विधायक विक्रम सिंह जाखल का जगह-जगह स्वागत किया गया। साथ ही केक काट कर ,पटाखे चलाकर, पुष्प वर्षा कर जन्म उत्सव मनाया गया । इसी कर्म में नानसा गेट स्थित भगवानजी हलवाई की दुकान पर विधायक को केलो से तोला गया और केक काटा गया। जब विधायक की गाड़ियों का काफिला नानसा गेट स्थित भगवानजी हलवाई की दुकान पर पहुंचा तो पुष्प वर्षा कर साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया नरेश कुमार सैनी ने प्रसिद्ध सिकाई के राजभोग खिलाकर विधायक को शुभकामनाएं दी। सुभाष चौबदार विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रीय सैनी सभा ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने विधायक जाखल को पौधा भेंट कर शुभकामना दी। वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू ने विधायक जाखल के जन्मदिन पर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डूंडलोद में पौधा रोपण किया। इस मौके पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ,लूणकरण सैनी ,दिनेश कुमार ,महेश कुमार भादूपोता, सुंदरलाल सैनी, प्रहलाद स्वामी, संजय पाराशर, पप्पू सिंह ,सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## नवलगढ़ में ग्राम साथिनों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के पंचायत समिति के ग्राम साथिनों का पंचायत समिति स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा ने उपस्थित सभी साथिनों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने साथिनों से योजनाओं की सही जानकारी और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अनिल, पंकज, ओमप्रकाश आलडिया, सहायक विकास अधिकारी देवी दत्त शर्मा, नेमिचंद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सारी की बेटी ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की, सारी गांव का नाम रोशन किया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर से प्रियंका पुत्री धर्मवीर निवासी सारी ने रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने डॉक्टर सुश्रुता समांथा के पर्यवेक्षण में रसायन विज्ञान में शोध कार्य को पूरा किया है। उनके पिता ने खेती का कार्य करते हुए अपनी बेटी को श्रेद्धस्र करवाई । उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता ओर भाई-बहन को दिया।



# आरएलपी ने ई-मित्र संचालकों के समर्थन में दिया ज्ञापन, मांगों पर संज्ञान नहीं लेने पर आंदोलन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर चुरु मार्फत विकास अधिकारी पंचायत समिति ज्ञापन देकर खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु जारी टोकन के संबंध में ई-मित्र संचालकों को दिए गए नोटिस निरस्त करने के संबंध में अवगत करवाया गया। आरएल पी के नेता रुपचन्द सहारण ने बताया कि किसानों की गिरदावरी सेल्फ सर्वे और पटवारी द्वारा की गई। किसानों ने एमएसपी पर मूंग तुलाई को लेकर ई-मित्रो पर टोकन कटवाएं और टोकन के अंदर जो त्रुटियां रही है वह डेटाबेस आधार पर ही रही हैं। इस पर ई-मित्र संचालकों की कोई गलती नहीं है और बेवजह ई गवर्नेंस समिति एवं उपखंड अधिकारी प्रोग्रामर द्वारा बेवजह उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है जो ईमित्र साथियों के साथ कुठाराघात है। जिसमें गिरदावरी में रही त्रुटियों के संबंध में ई-मित्रों कोई गलती नहीं है। गिरदावरी में अंकित रकबा एवं बुवाई के अनुसार ही टोकन करते थे। इस प्रक्रिया में ईमित्रों द्वारा पोर्टल पर दर्शित विवरण भी भरना होता है। इस कारण ईमित्रों द्वारा अपने स्तर पर किसी गिरदावरी के विपरीत रकबा या जींस दर्ज करने का अधिकार नहीं होने से इन गलतियों में पूरी जिम्मेदारी संबंधित पटवारी या गिरदावरी की होती है। ईमित्र संचालकों को तंग या परेशान करने के लिए उक्त ईमित्रों को नोटिस थमा दिए गए। अगर टोकन जारी करने में कहीं अनियमितता या त्रुटियां रही है तो न्यायहित में पोर्टल पर संशोधन का ऑप्शन चालू किया जाए ताकि त्रुटियां सुधारी जा सके एवं किसानों के हितों पर भी कुठाराघात ना हो। मांगों पर जल्द संज्ञान नहीं लिया तो मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन कि होगी। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, रुपचन्द सहारण, विनोद सिद्ध, संदीप, भरत बरोड़, गोपाल, रमेश, विशाल, नवीन शर्मा, भजनलाल, मुकेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एनसीसी डे सेलिब्रेशन के तहत आदर्श विद्या मंदिर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** एनसीसी मुख्यालय के निर्देशानुसार एनसीसी डे सेलिब्रेशन के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा में 3 राज नेवल यूनिट एनसीसी जयपुर के कैडेट्स द्वारा जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह गतिविधि 17 नवंबर से 21 नवंबर 2025 के बीच आयोजित किए जा रहे एनसीसी डे कार्यक्रमों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं में जागरूकता फैलाना है। नुक्कड़ नाटक में कैडेट्स ने अनुशासन, सामाजिक दायित्व और युवा जागरूकता जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने एनसीसी ड्रिल का भी आकर्षक प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि एनसीसी द्वारा आयोजित ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करती हैं। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने अपने वक्तव्य में कहा, 'एनसीसी विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और अनुशासन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनसीसी डे पर आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है।' इस अवसर पर प्रीति जोशी, काजल कंवर, गौतम कालोया सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## *झुंझुनूं के आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा कायाकल्प:138 केंद्रों की मरम्मत के लिए 1.38 करोड़ का बजट स्वीकृत*

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल होती स्थिति अब जल्द ही सुधरने वाली है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन केंद्रों की मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। इस योजना के तहत, जिले के 138 आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है, जिनकी मरम्मत के लिए प्रति केंद्र एक लाख रुपए यानी कुल 1 करोड़ 38 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता अनुसार पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग की नोडल एजेंसी समसा (राज्य विद्यालय विकास परिषद) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय से उपेक्षा के कारण, जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का ढांचा जर्जर हो चुका था। दीवारों में दरारें, छतें क्षतिग्रस्त होना, टॉयलेट की खराब स्थिति और बच्चों के लिए असुरक्षित वातावरण मुख्य समस्याएं थीं। इन कमियों का सीधा असर बच्चों के पोषण, प्री-स्कूल शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सेहत सेवाओं पर पड़ रहा था। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि चयनित 138 केंद्रों की मरम्मत के काम में ये मुख्य पॉइंट शामिल होंगे। सुविधाघर (टॉयलेट) और पानी के स्रोतों को दुरुस्त करना। उपनिदेशक राठौड़ ने बताया कि विभाग के पास स्वयं की निर्माण एजेंसी नहीं होने के कारण यह जिम्मेदारी निर्माण कार्यों के विशेषज्ञ 'समसा' को दी गई है। मरम्मत कार्य को गति देने के लिए समसा ने तत्परता दिखाते हुए 118 केंद्रों के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। शेष केंद्रों के लिए भी जल्द ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। समसा अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है और ठेकेदारों को गुणवत्ता और समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। मरम्मत कार्य को तीन से चार चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसमें अत्यधिक क्षतिग्रस्त भवनों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह पहली बार है जब इन केंद्रों में टुकड़ों में मरम्मत के बजाय, एक व्यापक और योजनाबद्ध तरीके से सुधार किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सुरक्षित और सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। उपनिदेशक राठौड़ ने बताया कि इन 138 केंद्रों के अलावा, जिले के 26 और आंगनबाड़ी केंद्रों के रिनोवेशन के प्रस्ताव सरकार को भेजे गए हैं। इन प्रस्तावों को मंजूरी मिलने के बाद, जिले में कुल 164 केंद्रों की मरम्मत का रास्ता साफ हो जाएगा।

## काजी बिरादरी के होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित करेंगी काजी वेलफेयर सोसायटी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** काजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कादिर हुसैन ने बताया कि 7 दिसम्बर 2025 कों सीकर में काजी वेलफेयर सोसायटी के द्वारा प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने की तैयारी कर रहे है । जिसके लिए विभिन्न तरह की कमेटियों का गठन किया जा चुका है और सभी अपने अपने तरीके से तैयारियो में लगे हुए हैं। काजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश सचिव शिक्षाविद् खादिम हुसैन खत्री ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किये जाने वालो के डाटा कलेक्ट किए जा रहे हैं जिसके लिए जिलेवार संयोजक बनाकर जिले वार जिम्मेदारी दी गई है। चुरू के लिए वरिष्ठ अध्यापक मोहम्मद वसीम अली भाटी और सहसंयोजक मोहम्मद अकरम अध्यापक, झुंझुनूं के लिए तैयुब हुसैन देरवाला संयोजक और मोहम्मद अली बिसाऊ को सहसंयोजक, सीकर के लिए अब्दुल हलीम खत्री को संयोजक और खालिद अली काजी बलोद को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ साथ बाकी समस्त जिलों और लिस्ट को एकत्र कर फाइनल लिस्ट बनाने की जिम्मेदारी मुस्तकीम हुसैन तंवर आसलू को दी गई है। सोसायटी के उपाध्यक्ष फिरोज खान ने कहा है कि समाज के अग्रिम पंक्ति के समाज सेवियों और अधिकारी व कर्मचारियो को आगे आकर सम्मान समारोह को सफल बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। काजी वेलफेयर सोसायटी के उपाध्यक्ष अहमद काजी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में दसवीं और बारहवीं में 70' या इससे उपर, और किसी भी पैथी का चिकित्सक,बी फार्मेसी, बी नर्सिंग व राज्य,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी,एन सी सी में सी सर्टिफिकेट, स्काउट एवं गाइड में राष्ट्रपति अवार्ड,1 जनवरी 23 के बाद सरकारी सर्विस में नव नियुक्त कर्मचारी और अधिकारी,1 जनवरी 23 के बाद सेवा निवृत्त हुए अधिकारी और कर्मचारी, अल्पसंख्यक पत्रकार, पीएचडी,आइ आइ टी,आइ आइ एम, युजीसी नेट,जेईई,सेट,नीट,गेट,एआइबीई, एनडीए ,एफएमजीई, क्लियर,सीए, आइसीडब्ल्यूए,सीएस क्लियर, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएट में 55 ' या इससे उपर अंक प्राप्त करने वाले काजी बिरादरी के छात्र व छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। अन्य डिग्री और डिप्लोमा में 60' या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदन कर सकते हैं।मौलवी , मुफ्ती,कारी और हाफ़िज़ की सनद लेने वालों को भी प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोसायटी के कोषाध्यक्ष रज्जब अली चौहान ने बताया कि आवेदन की अंतिम तारीख 25 नवम्बर 2025 रखी गई है।

## महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को दी जा रही है एसआईआर की जानकारी

**झुंझुनूं(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अरुण गर्ग के निर्देशानुसार एसआईआर के तहत महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को गणना प्रपत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन भरने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। स्वीप प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार को सेठ नेतराम मगराज टिबडेवाल महिला महाविद्यालय झुंझुनूं , स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय खेतड़ी, मास्टर हजारीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय चिड़ावा व राधे श्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में उपस्थितजनों को एसआईआर की विस्तार से जानकारी दी एवं छात्र और छात्राओं के एन्यूमरेशन फॉर्म ऑनलाइन व ऑफलाइन भरने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

## महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति लगाने की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने नगरपरिषद की सभापति निलोफर गौरी को एक ज्ञापन सौंपकर महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति सार्वजनिक स्थान पर लगवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि महात्मा ज्योतिबा राव फूले ने शिक्षा के लिए बड़ी अलख जगाई, जिसके कारण शिक्षा की रोशनी आज घर-घर में नजर आ रही है और उनकी मूर्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए काफी प्रेरणा देने वाली होगी।

## पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी, भाजपा नेता संदीप शर्मा बोले- दुनिया का सबसे सफल किसान समर्थन कार्यक्रम



**मण्डावा** भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक संबल मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दुनिया का सबसे बड़ा और सफल किसान समर्थन कार्यक्रम बन चुका है। किसानों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त किया है। शर्मा ने गुरुवार को जारी वक्तव्य में कहा की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम अब तक सरकार द्वारा किसानों के खातों में 23 लाख 90 हजार करोड़ से अधिक राशि सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। इससे देशभर के करोड़ों छोटे एवं सीमांत किसानों को निरंतर आर्थिक संबल मिला है। मण्डावा नपा की वरिष्ठ पार्षद सपना शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक और नवाचार के साथ भारत का कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

## बेनीवाल की चौथी



## पुण्यतिथि मनाई

**तारानगर** तारानगर के जाट विकास संस्थान में गुरुवार को संस्थान की भूमि के दानदाता भामाशाह स्व. रामकुमार बेनिवाल की चौथी पुण्यतिथि मनाई। उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये एवं दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रंद्धाजलि अर्पित की। जाट महासभा के अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल ने रामकुमार बेनीवाल की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि बेनीवाल की कमी हमेशा हमें खलती रहेगी उन्होंने समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान किया है।

## ट्रक के केबिन में रखे 10 लाख रुपए चोरी, दो के खिलाफ थाने में मामला दर्ज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के पुलिस थाने में 2 जनों के खिलाफ ट्रक के केबिन में रखे 10 लाख रुपए चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा निवासी बलजीत पुत्र मानसिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि 18 नवंबर को मैं दिल्ली से साबुन का सामान भरकर बीकानेर जा रहा था। राजगढ़ के पास मेरे गांव पड़ोसी सुनील राजगढ़ से सरदारशहर आने के लिए मेरे ट्रक में चढ़ गया। 18 नवंबर की रात्रि को मैं सरदारशहर के बीकानेर रोड स्थित गणेश होटल पर खाना खाने के लिए रुका था। तभी उस वक्त दूसरे ट्रक के चालक मोहरसिंह पुत्र बलवंत सिंह भी मेरी गाड़ी के पास अपने ट्रक को खड़ा कर दिया और मेरे ट्रक की केबिन में मोहरसिंह चढ़ गया मेरे साथ आए सुनील और मोहरसिंह दोनों ने मेरे ट्रक के केबिन की तलाशी लेने लगे। तभी ट्रक के केबिन में रखे 10 लाख रुपए नगद मोहरसिंह और सुनील चोरी कर दोनों भाग गए। उक्त 10 लाख रुपए मेरे ट्रक के मालिक अनिरुद्ध पुरोहित व उसके परिवार की मूंग की फसल के रुपए थे। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एबीवीपी ने विभिन्न मांगो को ले के दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने खेल मैदान की सफाई, समतलीकरण और सीमांकन कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग को लेकर कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में गगन चौधरी, सुमित तंवर, सोनू नरोदड़ा, मनीष सैनी, प्रियांशु नरोदड़ा, कृष्ण सोनी, कमलजीत और निकु सैनी शामिल रहे। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से जल्द कार्रवाई करने की अपील की।

## 26 नवंबर को हिरवा गांव में संविधान दिवस पर संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम को लेकर डाबड़ी धीरसिंह में बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में डाबड़ी धीरसिंह में भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष योगेश कुमार टंडन की अध्यक्षता में बैठक हुई । जिसमें 26 नवंबर को सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत हिरवा में संविधान दिवस के उपलक्ष संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मलसीसर तहसील से भीम आर्मी टीम शामिल होंगे। संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झुंझुनूं जिले भीम आर्मी टीम गांव गांव, ढाणी ढाणी संपर्क किया जा रहा है। जिसमें भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष योगेश कुमार टंडन मुकेश कुमार ,महेंद्र सिंह प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार ,राकेश टंडन, दिलीप, शंकर पाटोदिया, रवि कुमार, राजू ,दिलीप, योगेंद्र कुमार आदी भीम आर्मी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।